PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

# दैनिक भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'विचारों की शक्ति तलवार से भी अधिक प्रभावशाली होती है; क्योंकि तलवार केवल शरीर को घायल करती है, लेकिन सशक्त विचार पूरे समाज की दिशा बदल सकते हैं। '

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-112 | झुंझुनू (राजस्थान) | मंगलवार, 17 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## मजबूत मीडिया मैनेजमेंट - संगठन की सफलता की अनिवार्य शर्त

किसी भी संगठन की सफलता केवल उसके उद्देश्य, विचारधारा या योजनाओं पर ही निर्भर नहीं करती, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करती है कि वह अपने विचारों को समाज तक कितनी प्रभावी ढंग से पहुँचा पाता है। यदि किसी संगठन के पास स्पष्ट दृष्टि और मजबूत रणनीति होने के बावजूद उसका संदेश लोगों तक नहीं पहुँचता, तो वह संगठन धीरे-धीरे सीमित दायरे में सिमट कर रह जाता है। ठीक उसी प्रकार जैसे कोई मूर्तिकार कितनी ही सुंदर मूर्ति बना ले, लेकिन यदि उसके चेहरे की आकृति ही ठीक न बने तो पूरी मूर्ति का आकर्षण समाप्त हो जाता है। उसी तरह किसी संगठन की नीति और विचारधारा चाहे कितनी भी मजबूत क्यों न हो, यदि उसका मीडिया मैनेजमेंट कमजोर है तो संगठन के भीतर विखंडन की संभावनाएँ जन्म लेने लगती हैं। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

मीडिया किसी भी संगठन की आवाज होता है। यह वह माध्यम है जिसके द्वारा संगठन अपनी सोच, अपने लक्ष्य और अपनी गतिविधियों को लोगों तक पहुँचाता है। बिना जनसंचार के कोई भी विचार सीमित दायरे में कैद होकर रह जाता है। संगठन चाहे राजनीतिक हो, सामाजिक हो या धार्मिक–उसकी सफलता इस बात पर भी निर्भर करती है कि वह समाज के साथ संवाद स्थापित करने में कितना सक्षम है। यह संवाद केवल बैठकों या सभाओं तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि इसके लिए प्रभावी मीडिया प्रबंधन की आवश्यकता होती है। आज का समय तकनीक और सूचना क्रांति का युग है। डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में सूचना का प्रवाह अत्यंत तेज हो गया है। ऐसे समय में यदि कोई संगठन पुराने ढर्रे पर ही काम करता रहे और मीडिया की ताकत को नजरअंदाज करे, तो उसका प्रभाव सीमित रह जाना स्वाभाविक है। आधुनिक समाज में जो संगठन अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना जानते हैं, वही व्यापक स्तर पर अपनी पहचान बना पाते हैं। इतिहास भी इस तथ्य का प्रमाण देता है कि किसी विचारधारा के प्रसार में संचार माध्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उदाहरण के तौर पर जब कार्ल मार्क्स ने अपने विचारों को लिखित रूप में प्रस्तुत किया, तब तत्कालीन समय में बहुत अधिक लोग उनके विचारों से परिचित नहीं थे। लेकिन उनके अनुयायियों और समर्थकों ने उन विचारों को संगठित ढंग से प्रचारित किया। परिणामस्वरूप मार्क्सवाद की अवधारणा विश्वभर में चर्चा का विषय बन गई। यह उदाहरण बताता है कि किसी विचार का प्रभाव तभी व्यापक बनता है जब उसे सही माध्यम और सही प्रस्तुति मिलती है।

संगठन के भीतर भी मीडिया मैनेजमेंट का महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। जब संगठन की गतिविधियों, उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी नियमित रूप से सदस्यों और समर्थकों तक पहुँचती रहती है, तो उनमें विश्वास और उत्साह बना रहता है। इसके विपरीत यदि संवाद का अभाव हो, तो गलतफहमियाँ और भ्रम पैदा होने लगते हैं। यही भ्रम धीरे-धीरे संगठन के भीतर असंतोष और विखंडन का कारण बन सकते हैं। मीडिया प्रबंधन का अर्थ केवल समाचार प्रकाशित करवाना या सोशल मीडिया पर पोस्ट करना ही नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है संगठन के संदेश को स्पष्ट, प्रभावी और सकारात्मक तरीके से प्रस्तुत करना। इसके लिए एक सुविचारित रणनीति की आवश्यकता होती है। संगठन को यह तय करना होता है कि वह किन माध्यमों से अपनी बात लोगों तक पहुँचाएगा, किस प्रकार की भाषा और शैली का उपयोग करेगा और किस तरह अपने समर्थकों को जोड़कर रखेगा।

सोशल मीडिया के इस दौर में संगठन के लिए यह अवसर भी है और चुनौती भी। अवसर इसलिए कि अब कोई भी संगठन सीमित संसाधनों के बावजूद अपने विचारों को लाखों लोगों तक पहुँचा सकता है। चुनौती इसलिए कि सूचना की भीड़ में अपनी बात को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना आसान नहीं है। इसके लिए रचनात्मकता, निरंतरता और विश्वसनीयता की आवश्यकता होती है। आज कई ऐसे संगठन हैं जिन्होंने मजबूत मीडिया रणनीति के माध्यम से समाज में अपनी प्रभावशाली पहचान बनाई है। वे केवल अपने कार्यों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उन्हें प्रभावी ढंग से प्रस्तुत भी करते हैं। यही कारण है कि उनके विचार अधिक लोगों तक पहुँचते हैं और उनका प्रभाव भी व्यापक होता है। इसके विपरीत कई संगठन ऐसे भी हैं जो अपने कार्यों में तो सक्रिय रहते हैं, लेकिन मीडिया प्रबंधन की अनदेखी के कारण उनकी गतिविधियाँ समाज तक नहीं पहुँच पातीं। परिणामस्वरूप उनके प्रयासों का वास्तविक प्रभाव दिखाई नहीं देता। ऐसे संगठन धीरे-धीरे अपनी पहचान खोने लगते हैं।

**अंततः** यह कहा जा सकता है कि किसी भी संगठन के लिए मीडिया मैनेजमेंट केवल एक पूरक तत्व नहीं, बल्कि उसकी मजबूती का मूल आधार है। यदि संगठन अपने विचारों और कार्यों को प्रभावी ढंग से समाज तक पहुँचाना चाहता है, तो उसे जनसंचार के माध्यमों को अपनाना ही होगा। क्योंकि आज के दौर में वही संगठन सफल और प्रभावशाली बन पाते हैं जो अपनी आवाज को स्पष्ट, संगठित और प्रभावी तरीके से समाज तक पहुँचा सकें। मजबूत मीडिया मैनेजमेंट केवल प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि संगठन के अस्तित्व और उसके विस्तार की जीवनरेखा है।

# विदेश से MBBS डिग्री वालों को दोबारा करनी होगी पढ़ाई:

### जितना ऑनलाइन क्लास में पढ़ा उतना ऑफलाइन पढ़ना होगा, आरएमसी नहीं देगी रजिस्ट्रेशन

**भीम प्रज्ञा न्यूज**


**बीकानेर ।** विदेश से एमबीबीएस की डिग्री लेकर आए स्टूडेंट्स की लिए परेशानी खड़ी हो गई है। नेशनल मेडिकल काउंसिल (NMC) ने विदेशी मेडिकल छात्रों को दोबारा ऑफलाइन क्लास लेने के आदेश दिए है। यदि ऐसा होता है तो स्टेस्ट मेडिकल काउंसिल परमानेंट रजिस्ट्रेशन नहीं देगी। काउंसिल का आदेश है कि कोरोना पीरियड में जो पढ़ाई ऑनलाइन की गई थी, उसे अब फिजिकल ऑनसाइट क्लास और क्लिनिकल ट्रेनिंग लेनी होगी। एनएमसी सचिव डॉ. राघव लांगर की ओर से सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को स्टेट मेडिकल काउंसिल (SMC) के रजिस्ट्रार को यह आदेश भेजा गया है। यह आदेश 6 मार्च 2025 को जारी हुए है।

इधर, इस आदेश के बाद विदेश से डिग्री लेकर आए स्टूडेंट के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। इसे लेकर सोमवार को दिल्ली में एनएमसी के मुख्यालय पर स्टूडेंट्स एकत्र हो रहे हैं। ये स्टूडेंट्स एनएमसी के अधिकारियों से मिलकर नियम में छूट के लिए अपील करेंगे। वहीं इन आदेशों को लेकर FMG स्टूडेंट्स ने एकजुट होने का आंदोलन छेड़ दिया है।

**जितनी ऑनलाइन क्लास ली, उतनी ऑफलाइन पढ़ाई करनी होगी**

दरअसल, कोराना काल के समय ऑनलाइन पढ़ाई की गई थी। ऐसे में आयोग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जिन विदेशी मेडिकल छात्रों (FMG) ने अपने कोर्स का कोई हिस्सा ऑनलाइन माध्यम से किया है, उन्हें उसकी भरपाई के लिए फिजिकल ऑनसाइट (ऑफलाइन) क्लास और क्लिनिकल ट्रेनिंग अनिवार्य रूप से करनी होगी। ये आदेश 2020 और 2021 बैच के स्टूडेंट के लिए है। इसमें 5 मार्च 2026 को जारी पब्लिक नोटिस का हवाला देते हुए स्पष्ट किया गया है कि ऑनलाइन पढ़ाई को केवल तभी मान्यता मिलेगी, जब उसकी भरपाई समान अवधि की ऑफलाइन क्लिनिकल और थ्योरी ट्रेनिंग से की जाए।

इस मामले में कजाकिस्तान के अल्माटी से एमबीबीएस की डिग्री लेकर आई जयपुर की डॉ. किरन का कहना है कि जब इंडिया में ऑनलाइन क्लास को स्वीकार किया गया है तो फिर विदेश की ऑनलाइन क्लास अस्वीकार कैसे हो सकती है? एनएमसी को संवेदनशील होकर काम करना चाहिए।



**इसलिए ये आदेश जारी किए**

आयोग ने साफ किया है कि यदि किसी छात्र ने एक शैक्षणिक वर्ष ऑनलाइन पढ़ाई की है, तो उसकी भरपाई बिना पढ़ाई की अवधि बढ़ाए नहीं की जा सकती। यानी ऑनलाइन पढ़ाई की अवधि के बराबर समय तक फिजिकल ट्रेनिंग और क्लास करना अनिवार्य होगा। NMC ने कहा है कि कुछ विदेशी मेडिकल संस्थान बिना वास्तविक ऑफलाइन ट्रेनिंग के 'कम्पेनसेशन सर्टिफिकेट' जारी कर देते हैं। ऐसे सर्टिफिकेट नियमों के विपरीत माने जाएंगे और इससे प्राप्त डिग्री भारत में मान्य नहीं होगी।

**स्टेट मेडिकल काउंसिल की होगी मुख्य जिम्मेदारी, राजस्थान में आदेश जारी**

NMC ने स्पष्ट किया है कि विदेशी मेडिकल स्नातकों के आवेदन की जांच और स्थायी रजिस्ट्रेशन देने की मुख्य जिम्मेदारी संबंधित स्टेट मेडिकल काउंसिल की होगी, जो राज्य के चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के साथ मिलकर सभी दस्तावेजों की जांच करेगी। इसे लेकर राजस्थान मेडिकल काउंसिल ने 12 मार्च 2026 को आदेश जारी कर दिए है। इन आदेश में कहा गया हैत्र- एनएमसी की गाइड लाइन के मुताबिक ही परमानेंट रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। अगर किसी स्टूडेंट ने ऑनलाइन पढ़ाई के बाद ऑफ लाइन का सर्टिफिकेट नहीं दिया है तो उसके परमानेंट रजिस्ट्रेशन नहीं होगा।

# शाहजहांपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई: जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

### बोलेरो गाड़ी व अवैध पिस्टल सहित कारतूस बरामद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नीमराना उपखंड क्षेत्र शाहजहांपुर थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में रविवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी, एक अवैध देशी पिस्टल, दो मैगजीन और 12 जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार कार्रवाई राहुल प्रकाश जयपुर रेंज आईजी आईपीएस अधिकारियों के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराना सुरेश कुमार खींची (RPS) और वृताधिकारी नीमराना चारुल गुप्ता के सुपरविजन में की गई। थाना शाहजहांपुर के थानाधिकारी प्रकिता चौधरी के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने 14 मार्च की देर रात आरोपी जितेंद्र उर्फ सोनू (36) पुत्र विजय सिंह, निवासी घीलोट, थाना शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि करीब 8-9 महीने पहले आरोपी जितेंद्र उर्फ सोनू और पीड़ित बबलू सिंघल पुत्र सुरेश, निवासी घीलोट के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। इसी पुरानी रंजिश के चलते 14 मार्च की रात आरोपी ने बबलू को अपनी बोलेरो गाड़ी में बैठाया और अवैध देशी पिस्टल से उस पर फायर कर दिया। गोली बबलू के दाहिने पैर की जांघ में लगी, जिससे वह घायल हो गया। बताया गया है कि आरोपी बबलू को औद्योगिक क्षेत्र में ले गया था, जहां उसने कथित तौर पर पहले उसे शराब पिलाई और बाद में गोली मार दी। इस घटना के संबंध में थाना शाहजहांपुर में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष टीम का गठन किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।






# उपखंड अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**

उत्तमनगर, दिल्ली में होली के दिन तरुण खटीक की निर्मम हत्या के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा व न्याय दिलाने की मांग को लेकर दांतारामगढ़ उपखंड अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा है। जानकारी के अनुसार दिल्ली के उत्तमनगर क्षेत में होली के पावन पर्व पर हिन्दू युवक तरुण खटीक को समुदाय विशेष के लोगो द्वारा पिट-पिट कर अत्यंत निर्मम एवं दुखद हत्या की घटना ने पूरे देश के समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना मानवता को ही नही बल्कि समाज में भय और आक्रोश का वातावरण भी उत्पन्न करती है, सरकार से मांग करते हैं कि इस मामले में दोषियों के विरुद्ध त्वरित और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, अखिल भारतीय खटीक समाज ने अपराध की कडी निंदा करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है, इस दौरान इन्होंने ज्ञापन में तीन मांगों को लेकर कहा है कि जघन्य हत्या के सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक को कदमा चलाकर कम दंड फांसी की सजा दिलाई जाए, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता स्वरूप कम से कम 1 करोड़ रुपये का मुआवजा प्रदान किया जाए व पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। सभी दोषियों की अवैध संपत्तियों ओर घरों पर बुलडोजर चलाकर, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, साथ ही इन्होंने बैनर तले रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन भी किया। इस दौरान भाजपा युवा नेता रणजीत सिंह हरितवाल, खटिक समाज जिला अध्यक्ष सांवरमल बागड़ी, सुमित कुमार बागड़ी, शंकरलाल ऐचरा, जुगल किशोर गुर्जर, सीताराम बागड़ी, शोयजीराम गुर्जर, नाथुराम खटीक सहित अनेक लोग मौजूद थे।



# गैस कालाबाजारी पर प्रशासन का शिकंजा: एसडीएम मनीषा मीना का हडिया इंडेन गैस एजेंसी पर औचक निरीक्षण

### उपभोक्ताओं से अपील–घबराकर बुकिंग न करें, 25 दिन बाद ही मिलेगी नई रिफिल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** उपखंड क्षेत्र में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने और कालाबाजारी की संभावनाओं पर लगाम कसने के लिए प्रशासन ने सख्त निगरानी शुरू कर दी है। मध्य-पूर्व में चल रहे अंतरराष्ट्रीय संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर देशभर में सतर्कता बरती जा रही है और इसी कड़ी में जिला कलक्टर दौसा के निर्देश पर सोमवार को महवा उपखंड अधिकारी मनीषा मीना ने क्षेत्र में संचालित हडिया इंडेन ग्रामीण गैस वितरक का औचक निरीक्षण किया। प्रशासन की इस अचानक कार्रवाई से एजेंसी परिसर में हलचल का माहौल बन गया और गैस वितरण व्यवस्था की गहन पड़ताल की गई। निरीक्षण के दौरान एजेंसी पर लगभग 360 किलोग्राम एलपीजी गैस का ओपनिंग स्टॉक पाया गया, जिसकी अधिकारियों ने मौके पर ही पुष्टि की। उपखंड अधिकारी मनीषा मीना ने एजेंसी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नियमित और पारदर्शी ढंग से की जाए तथा किसी भी प्रकार की कृत्रिम कमी या वितरण में बाधा उत्पन्न न होने दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि हर घर तक समय पर गैस पहुंचे और किसी भी स्तर पर कालाबाजारी या अवैध भंडारण की स्थिति पैदा न हो। उपखंड अधिकारी ने उपभोक्ताओं को भी भरोसा दिलाया कि गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक सिलेंडर की डिलीवरी के बाद उपभोक्ता को अगली बुकिंग 25 दिन बाद ही उपलब्ध होगी, इसलिए अनावश्यक बुकिंग या सिलेंडरों का भंडारण करने से बचें। प्रशासन ने यह भी निर्देश दिए कि गैस बुकिंग के बाद एजेंसी संचालकों द्वारा उपभोक्ताओं के घर तक ही सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी, इसलिए एजेंसी परिसर में भीड़ लगाने की जरूरत नहीं है।

उपखंड अधिकारी ने यह भी कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं करवाई है, वे जल्द से जल्द इसे पूरा करवा लें, ताकि गैस वितरण में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा न आए। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध संग्रहण और कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा एक विशेष जांच दल गठित किया गया है, जो समय-समय पर गैस एजेंसियों और वितरण व्यवस्था की निगरानी करेगा। यदि किसी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर की आपूर्ति में समस्या आती है तो वह महवा उपखंड क्षेत्र के टोलफ्री नंबर 07461-294704 पर शिकायत दर्ज करा सकता है।



# मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**

राजस्थान सहकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम सेवक सहकारी समिति के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री का नाम ज्ञापन दिया गया। राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित संस्था पलसाना ग्राम सेवा सहकारी समिति के पूर्व मुख्य कार्यकारी महादेव सिंह ऐचरा ने बताया कि राजस्थान सहकारी कर्मचारी संयुक्त समिति सीकर जिला अध्यक्ष दुर्गा सिंह सुंडा द्वारा ग्राम सेवा सहकारी समिति के कार्मिकों की समस्या कैडर अथॉरिटी व नियोक्ता का निर्धारण, ऋण पर्यवेक्षकों के पदों पर शत प्रतिशत नियुक्ति, कार्मिकों का नियमितीकरण, बैंकिंग सहायक 20' कोटा भर्ती प्रक्रिया सहित 4 सूत्री मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। बताया गया कि समय रहते मांग स्वीकार नहीं की गई तो राजस्थान कर्मचारी सहकारी संघ द्वारा अप्रैल में महारैली एवं महापड़ाव की चेतावनी दी गई। इस अवसर पर रिछपाल सिंह राकेश कुमार नरेश कुमार सुंडा अमित कुमार दीपक सिंह सहित ग्राम सेवा सहकारी समिति के अनेक व्यवस्थापक मौजूद थे।



# ब्लीच करवाती है तो इन बातों का भी रखें ख्याल

आमतौर पर महिलाएं व लड़कियां अपनी त्वचा की रंगत निखारने के लिए पार्लर में ब्लीच करवाती है या कई बार घर पर खुद ही करती है। अगर आप भी घर पर खुद से ब्लीच करती हैं तो ये 10 बातें आपको जरूर जानना चाहिए –

- चेहरे को साफ–सुथरा व कांतिमय बनाने के लिए 'ब्लीच' एक बेहतर विकल्प है। ब्लीच आपकी त्वचा के अनचाहे बालों को छिपाने के साथ ही त्वचा में सोने सा निखार भी लाता है।
- ब्लीच का इस्तेमाल हाथ, पैर व पेट पर भी वेक्स के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।
- ध्यान रहे ब्लीच में अमोनिया की मात्रा निर्देशानुसार ही मिलाए। इसमें अमोनिया की अधिक मात्रा आपके चेहरे को नुकसान पहुंचा सकती है।
- इसे लगाते समय बस इस बात का जरूर ध्यान रखें कि यदि यह आंखों के ऊपर लग गया तो बहुत अधिक नुकसानदेह हो सकता है। बेहतर होगा कि आप इसे आंखों व आई ब्रो पर नहीं लगाएं।
- आजकल बाजार में कई प्रकार की कंपनियों के ब्लीच उपलब्ध हैं, जिनके ट्रायल पैक का इस्तेमाल कर आप उन्हें अपनी स्कीन पर आजमा सकती है।
- बॉक्स पर दिए गए निर्देशानुसार ही ब्लीच क्रीम में अमोनिया पावडर की मात्रा डालें।
- क्रीम और पावडर के इस मिश्रण को पहले कोहनी पर या अन्य जगह पर लगाकर देखें।
- त्वचा में अधिक जलन होने पर मिश्रण में क्रीम की मात्रा बढ़ाएं।
- हमेशा ब्रांडेड कंपनी का ही ब्लीच इस्तेमाल करें।



# सिर्फ 5 मिनट में मिटेगी सिर की खुजली, स्कैल्प में लगाएं ये नैचरल हर्ब

**अगर आपके सिर में बहुत खुजली हो रही है और इस कारण डैंड्रफ भी परेशान कर रहा है तो आपको कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है। बल्कि अपना फ्रिज खोलकर चुटकियों में इस समस्या का समाधान कर सकते हैं.**

- सिर की खुजली एक आम समस्या है। हर मौसम में अलग–अलग कारणों से यह समस्या परेशान कर सकती है। यदि आप भी इसका सामान कर रहे हैं तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। बल्कि आप यहां बताए गए तरीके से सिर्फ 5 मिनट में अपने सिर की खुजली से राहत पा सकते हैं।
- यह तरीका अपनाने के लिए आपको चाहिए एक नींबू और दो चम्मच सादा पानी (मिनरल वॉटर होगा तो और भी अच्छा रहेगा)। इसके बाद इन दोनों को मिलाकर अपने बालों की स्कैल्प में लगाना है। कैसे लगाना है और कितनी देर लगाना, इस बारे में यहां जानें.
- सबसे पहले आप 1 नींबू लेकर उसे काट लें और उसका रस निकाल लें। नींबू का रस निकालते समय आप कटोरी के ऊपर छलनी रखकर इसे निचोड़ें ताकि इसके रेशे और बीज, रस के साथ मिक्स ना रहें और छलनी में ही अलग हो जाएं।
- अब आप इस रस में दो चम्मच पानी मिला लें। यदि आपके बाल लंबे हैं तो आप दो नींबू ले सकते हैं और इसमें 4 चम्मच पानी मिला सकते हैं। नींबू और पानी के घोल को तैयार करने के बाद इसमें एक चम्मच गुलाबजल मिला लें।
- नींबू, पानी और गुलाबजल के मिश्रण को मुख्य रूप से बालों की जड़ों में लगाना है। ताकि आपके सिर की खुजली को शांत किया जा सके और डैंड्रफ को दूर किया जा सके। सिर की त्वचा में इस मिश्रण को लगाने के लिए आप आधे नींबू का वो छिलका लें, जिससे आपने रस निचोड़ा है।
- अब इस छिलके को तैयार मिश्रण में डुबोकर अपने बालों की जड़ों में हल्के हाथों से रगड़ते हुए लगाएं। आपको धीरे–धीरे यह काम करना है ताकि आपकी त्वचा इस लिक्विड को सोख सके और यह बहते हुए आपके चेहरे और गर्दन पर ना आए।
- इस मिश्रण को पूरे सिर में लगाने के बाद बालों की लंबाई में भी लगाएं। इसके बाद बालों को बांध लें और करीब आधा घंटा के लिए इसे ऐसे ही लगा रहने दें। जब आप इस मिश्रण को बालों में लगा रहे होंगे, आपकी खुजली तभी शांत होती जाएगी।
- हो सकता है कि सिर की त्वचा में हल्की–सी झनझनाहट हो, लेकिन यह 2 से 3 मिनट में ही ठीक हो जाएगी। आपको आधा घंटे के लिए यह मास्क लगाने के लिए इसलिए कहा जा रहा है ताकि आपके सिर से डैंड्रफ भी पूरी तरह गायब हो जाए।
- यदि आपको डैंड्रफ की समस्या नहीं है तो पूरे सिर में नींबू लगाने के 5 मिनट बाद भी आप अपने बालों को हर्बल शैंपू से धो सकते हैं। बस इस बात का ध्यान रखें कि शैंपू करने के लिए जिस पानी का उपयोग करें, वह निमाया (बहुत हल्का–सा गर्म) होना चाहिए। ताकि सर्दी के मौसम में आपको जुकाम ना हो।
- इस बात का ध्यान रखें कि नींबू बालों के लिए बहुत अधिक लाभकारी होता है लेकिन इसका बहुत अधिक उपयोग करने से बालों में रूखापन बढ़ सकता है। इसलिए यदि आप सप्ताह में एक सो दो बार बालों में नींबू लगाते हैं तो यह पर्याप्त है। इससे अधिक बालों में नींबू का उपयोग करने से रूखापन बढ़ सकता है।
- नींबू के रस में साइट्रिक एसिड और विटमिन–सी पाए जाते हैं। साथ ही नींबू का रस ऐंटिबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। यह सिर में खुजली करनेवाले बैक्टीरिया और फंगी इत्यादि को दूर करता है। स्कैल्प की गहरी सफाई करता है।
- गुलाबजल सिर में हो रही जलन और खुजली को शांत करने में सहायता करता है। यह सिर की त्वचा को टोन करता है और बालों की जड़ों में नमी को ब्लॉक करने में मदद करता है। ताकि सिर में डैंड्रफ ना आए।



# टीकाकरण कार्ड को अप–टू–डेट रखना प्रत्येक माता–पिता के लिए क्यों जरूरी है

**नए बच्चे का जीवन में आना हर मां-बाप के लिए एक रोमांचक समय होता है। चाहे वह नवजात शिशु को अपनी बाहों में उठाना हो या फिर बच्चे की जरूरतों के इर्द-गिर्द अपने जीवन को व्यवस्थित करना हो, पितृत्व की खुशियां किसी से कम नहीं होतीं। इस उत्साह के बीच, माता-पिता अक्सर उन जिम्मेदारियों का सामना करते हुए दिखते हैं, जिनके लिए वे तैयार ही नहीं थे। बच्चों की बहुत सारी जरूरतें होती हैं, खासकर तब जब उनके स्वास्थ्य की बात आती है। कई माता-पिता टीकाकरण की योजना बनाते समय अनिश्चितता में रहते हैं। जब आप पहली बार माता-पिता बनते हैं, तो शिशु का टीकाकरण अपरिहार्य यानी बेहद जरूरी- सा लगता है।**

बतौर माता–पिता अपने बच्चे को पूरी तरह से सुरक्षा देने के लिए प्रथम चरण के टीकाकरण को प्राथमिकता देना जरूरी है। जीवन के प्रारंभिक वर्षों के दौरान, बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली लगातार विकसित हो रही होती है, जो उन्हें बहुत सारी बीमारियों के प्रति अतिसंवेदनशील बनाती है। सही टीकाकरण करके बच्चों को एक दर्जन से अधिक गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। वास्तव में, अप–टू–डेट टीकाकरण न केवल बच्चे के लिए, बल्कि उन सभी के लिए महत्वपूर्ण है, जो नियमित रूप से उसके आसपास रहते हैं।

## टीकाकरण का ध्यान रखना

आपके बच्चे के अधिकांश टीकाकरण जन्म और 6 साल के बीच पूरे होते हैं। कई टीके अलग–अलग उम्र में, और कॉम्बिनेशन में एक से अधिक बार दिए जाते हैं। इसका मतलब है कि आपको अपने बच्चे के हर टीके का सावधानीपूर्वक रिकॉर्ड रखना होगा। यद्यपि कभी–कभी आपका डॉक्टर / अस्पताल भी नजर रखेगा, लोग शहरों / डॉक्टरों को बदलते हैं, रिकॉर्ड खो जाते हैं, और इसलिए आपके बच्चे के टीकाकरण पर नजर रखने के लिए अंतत: जिम्मेदार व्यक्ति आप ही हैं।

## टीकाकरण कार्ड बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य का पासपोर्ट

टीकाकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने और माता–पिता को अपने बच्चे के टीकाकरण का ट्रैक रखने में मदद करने के लिए, टीकाकरण कार्ड होना जरूरी है। दुनिया भर के बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा व्यापक रूप से रेकमेंडेड टीकाकरण कार्ड उपयोगी स्वास्थ्य रिकॉर्ड है, जिसमें टीकाकरण की तारीखों और खुराक के बारे में जानकारी शामिल होती है। अक्सर, माता–पिता टीकाकरण के महत्व के बारे में जानते हैं, लेकिन एक उचित रिकॉर्ड की कमी के कारण महत्वपूर्ण टीकाकरण छूट जाते हैं। इस जगह पर टीकाकरण कार्ड एक संगठनात्मक दस्तावेज के रूप में काम आता है, जिसमें सभी प्रकार का डेटा एक ही स्थान पर रखा जाता है, ताकि माता–पिता अपने बच्चे के स्वास्थ्य पर नजर रख सकें। अपने बच्चे के टीकाकरण कार्ड के बारे में सोचें और इसे अपने अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ संभालकर रखें। आप यहां से आसानी से पढ़ा जाने वाला टीकाकरण कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

## टीकाकरण कार्ड इतना महत्वपूर्ण क्यों है

रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) की सिफारिश है कि बच्चों को टीकाकरण कार्ड में उल्लिखित अनुसूची के अनुसार टीका लगाया जाना चाहिए। यह बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा रेकमेंडेड है, ताकि बच्चों में समय पर ढंग से रोग प्रतिरोधक क्षमता का निर्माण किया जा सके, जो जानलेवा बीमारियों में बदल सकता है। जब बच्चे एक विशेष उम्र तक पहुंच जाते हैं, तो वे कुछ बीमारियों के प्रति अतिसंवेदनशील हो जाते हैं। तो इसलिए एक सारणी का पालन करना आवश्यक है, जो सुरक्षित और विज्ञान पर आधारित हो। इसके अलावा यह बार–बार बच्चे को हेल्थ केयर प्रोवाइडर के पास ले जाने से भी बचाता है और मां को उसके बच्चे के स्वास्थ्य पर नियंत्रण की समझ भी देता है। उम्र के हिसाब से टीकाकरण आम तौर पर माता–पिता पहले वर्ष के टीकाकरण का विवेकपूर्ण तरीके से पालन करते हैं और जैसे–जैसे उनका बच्चा बढ़ता है, वैसे–वैसे वे आगामी टीकाकरण के प्रति लापरवाही बरतने लगते हैं। बच्चे के जीवन में पहले पांच साल उनकी वैक्सीनेशन जर्नी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और टीके नीचे दिए गए हैं :



**जन्म पर :**
बीसीजी ( टूबर्क्यूलोसस), हेपेटाइटिस बी
ओपीवी (ओरल पोलियो वैक्सीन)

**6 सप्ताह से 6 महीने के बीच :**
डीटीपी, हिब, हेप–बी, आईपीवी
पीसीवी (न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन)
रोटावायरस

**6–12 महीनों के बीच :**
इन्फ्लुएंजा (5 वर्ष तक के बच्चों के लिए अनुशंसित)
एमएमआर (खसरा, गलसुआ और रूबेला)
टाइफाइड, मेनिंगोकोक्सल

**1–2 साल के बीच :**
हेपेटाइटिस–ए, चिकनपॉक्स, डीटीपी, हिब, आईपीवी
न्यूमोकोकल, एमएमआर

**2–6 साल के बीच :**
मेनिंगोकोक्सल, एमएमआर, डीटीपी, आईपीवी

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा टीकाकरण और टीकाकरण प्रथाओं, 2020–21 की सलाहकार समिति के अनुसार अनुसूची विशेष स्थितियों के लिए
डीटीपी : डिप्थीरिया, टेटनस, पर्टुसिस ; हिब : हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी ; हेप–बी : हेपेटाइटिस बी ; आईपीवी : इंजेक्शन पोलियो वैक्सीन

# टीकाकरण कार्ड के बारे में मुख्य जानकारी

टीकाकरण कार्ड सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य दस्तावेज में से एक है, जो एक बच्चे का होना जरूरी है। हमेशा अपने बाल रोग विशेषज्ञ के पास जाने के दौरान इसे अपने साथ रखें। माता–पिता की जिम्मेदारी है कि जब भी वो बाल रोग विशेषज्ञ के पास जाएं, तो कार्ड को जरूर अपडेट करवाएं। इस प्रकार, माता–पिता से यदि गलती से टीकाकरण चूक जाए या फिर ड्यू रह जाए, तो वह इसके लिए तैयार रह सकते हैं। ऐसे मामलों में तत्काल कदम उठाना चाहिए और सबसे पहले बाल रोग विशेषज्ञ से अगले टीकाकरण के लिए परामर्श करना चाहिए और चीजों को नियंत्रण में रखना चाहिए। माता–पिता को अधिक तैयार रखने के लिए इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा इम्यूनाइज इंडिया ऐप जैसी कई मुफ्त डिजिटल टीकाकरण अनुस्मारक सेवाएं (डिजिटल वैक्सीनेशन रिमांइडर सर्विस) भी हैं। टीकाकरण कार्ड को मेंटेन करने के अलावा, ये ऐप्स सुनिश्चित करते हैं कि माता–पिता अपने बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में अधिक सक्रिय हों। जब आपके बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य की बात आती है, तो समय पर टीकाकरण ही उसे दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान कर सकता है और स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी इम्यूनिटी बनाने में मदद कर सकता है।



# झुंझुनूं पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दुबई बेस्ड प्रतिबंधित 'क्रोमेटा' चिटफंड गिरोह का पर्दाफाश 5 आरोपी गिरफ्तार, 11 लग्जरी वाहन, 15 मोबाइल और 3 लैपटॉप जब्त

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

जिले के सिंघाना कस्बे में लोगों को निवेश के नाम पर ठगने की साजिश रच रहे दुबई आधारित प्रतिबंधित चिटफंड नेटवर्क क्रोमेटा के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का झुंझुनूं पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के पांच मुख्य प्रतिनिधियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से 11 लग्जरी वाहन, 15 मोबाइल फोन और 3 लैपटॉप जब्त किए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से झुंझुनूं, सीकर और हरियाणा क्षेत्र के लोगों के साथ होने वाली करोड़ों रुपये की संभावित ठगी को समय रहते रोक लिया गया।पुलिस के अनुसार क्रोमेटा नामक चिटफंड कंपनी लोगों को क्रिप्टोकरेंसी (यूएसडीटी) में निवेश कराने के नाम पर लुभावने प्रलोभन दे रही थी। कंपनी के प्रतिनिधि लोगों को कम समय में निवेश की राशि दुगुनी होने, भारी बोनस मिलने और आकर्षक इनाम मिलने का लालच देकर पैसे जुटा रहे थे।





## कृष्णा मैरिज गार्डन में चल रहा था निवेश का सेमिनार

जानकारी के अनुसार 15 मार्च 2026 को सिंघाना कस्बे के कृष्णा मैरिज गार्डन में क्रोमेटा कंपनी की ओर से एक सेमिनार आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को कंपनी में निवेश करने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। कार्यक्रम स्थल पर लोगों को प्रभावित करने के लिए नई स्कॉर्पियो एन गाड़ी को इनाम के रूप में सजाकर खड़ा किया गया था। कंपनी के प्रतिनिधि लोगों को बता रहे थे कि यदि वे कंपनी में निवेश करते हैं तो कुछ ही समय में उनका पैसा दुगुना हो जाएगा। इसके अलावा मोबाइल फोन, स्कॉर्पियो गाड़ी, विदेशी टूर, दुबई में फ्लैट और मर्सिडीज जैसी लग्जरी गाड़ियों जैसे इनाम देने के भी दावे किए जा रहे थे।

### संयुक्त पुलिस टीम ने की कार्रवाई

इस पूरी कार्रवाई में सिंघाना थाना पुलिस, बुहाना थाना पुलिस, पचेरी कलां थाना पुलिस और डीएसटी झुंझुनूं की संयुक्त टीम ने भाग लिया। कार्रवाई का नेतृत्व वृताधिकारी बुहाना नोपाराम भाकर ने किया। टीम में सिंघाना थानाधिकारी सुगन सिंह, बुहाना थानाधिकारी बिमला बुडानियां, पचेरी कलां थानाधिकारी बनवारीलाल सहित अनेक पुलिस अधिकारी और जवान शामिल रहे। डीएसटी टीम के पुलिसकर्मियों ने भी इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पुलिस ने लोगों से की सावधानी बरतने की अपील

झुंझुनूं पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी कंपनी या योजना में निवेश करने से पहले उसकी वैधता और सरकारी पंजीकरण की पूरी जानकारी जरूर प्राप्त करें। लालच में आकर बिना जांच के निवेश करने से आर्थिक नुकसान हो सकता है। पुलिस इस मामले में आगे भी जांच कर रही है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

### पुलिस टीम ने मौके पर मारी दबिश

इस संबंध में सूचना मिलने पर वृताधिकारी बुहाना नोपाराम भाकर (आरपीएस) के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कृष्णा मैरिज गार्डन में दबिश दी। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और कंपनी के प्रतिनिधि निवेश के लिए प्रचार कर रहे थे। पुलिस ने मौके से कंपनी के पांच प्रतिनिधियों को गिरफ्तार कर लिया और वहां मौजूद वाहनों व अन्य सामान को जब्त कर लिया।

### गिरफ्तार आरोपी

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान जिन पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें ख्यालीराम सैनी पुत्र भाताराम सैनी निवासी ढाणी खाईवाला बबाई, मुकेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी सूर्य विहार झुंझुनूं, नरेन्द्र पुत्र शिवराम निवासी मोहाली पंजाब गंगा शर्मा पुत्र सीताराम शर्मा निवासी डेरा बस्सी पंजाब राकेश कुमार पुत्र गिरधारीलाल निवासी ढाणा थाना सिंघाना शामिल हैं। राकेश कुमार को तथाकथित रूप से स्कॉर्पियो एन का विजेता बताया जा रहा था।

### 11 लग्जरी वाहन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 11 वाहन जब्त किए हैं, जिनमें मर्सिडीज 4ह्लद्भष्ट, फॉर्च्यूनर, स्कॉर्पियो, बोलेरो, क्रेटा, डस्टर, द्ब10 और ङ्क जैसी गाड़ियां शामिल हैं। इसके अलावा 15 मोबाइल फोन और 3 लैपटॉप भी जब्त किए गए हैं। जब्त वाहनों में एक नई बिना नंबर की स्कॉर्पियो एन भी शामिल है, जिसे कार्यक्रम में इनाम के रूप में दिखाया जा रहा था।

### किसी भी सरकारी संस्था में पंजीकृत नहीं थी कंपनी

पुलिस जांच में सामने आया कि क्रोमेटा कंपनी भारत सरकार, राज्य सरकार, सेबी, आरबीआई या एमसीए सहित किसी भी अधिकृत सरकारी संस्था में पंजीकृत नहीं है। इसके बावजूद कंपनी खुद को दुबई (यूएई) में रजिस्टर्ड बताकर लोगों को भरोसे में लेने की कोशिश कर रही थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस तरह की कंपनियां शुरू में निवेशकों को उनके ही मूलधन का कुछ हिस्सा ब्याज या बोनस के रूप में वापस देकर विश्वास पैदा करती हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में लोगों से पैसा इकट्ठा कर अचानक कंपनी बंद कर आरोपी फरार हो जाते हैं, जिससे निवेशकों की पूरी जमा राशि डूब जाती है।

# विप्र चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने डॉ. विजय बासोतिया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

तीर्थराज पुष्कर में आयोजित विप्र फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय परिषद ने सुप्रसिद्ध उद्यमी एवं समाजसेवी जिले के नवलगढ़ कस्बे के निवासी डॉ. विजय बासोतिया को विप्र चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (वीआईसीसीआई) का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर देशभर से आए पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने डॉ. विजय बासोतिया के चयन का जोरदार स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में वीआईसीसीआई समाज की आर्थिक शक्ति को एक नई दिशा देगा। उल्लेखनीय है कि वीआईसीसीआई, विप्र फाउंडेशन का आर्थिक प्रकोष्ठ है। जिसका उद्देश्य समाज के उद्यमियों, उद्योगपतियों और नवोदित व्यवसायियों को एक साझा मंच प्रदान करना है। यह मंच व्यापारिक सहयोग, निवेश के अवसर, मार्गदर्शन और नेटवर्किंग के माध्यम से छोटे एवं मध्यम उद्यमियों को बड़े औद्योगिक समूहों से जोड़ने का कार्य करता है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में आर्थिक आत्मनिर्भरता और उद्यमिता ही समाज की वास्तविक शक्ति है और वीआईसीसीआई इस दिशा में एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य कर रहा है। बैठक में देशभर में वीआईसीसीआई के नए चैप्टर स्थापित करने, युवा उद्यमियों को जोड़ने तथा व्यापारिक सहयोग को व्यापक बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। नव मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विजय बासोतिया ने इस अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व केवल एक पद नहीं बल्कि समाज की आर्थिक शक्ति को जागृत करने का एक मिशन है।



उन्होंने कहा कि वीआईसीसीआई के माध्यम से समाज में उद्यमिता की नई चेतना विकसित की जाएगी और युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में आज उद्योग, स्टार्टअप और नवाचार को लेकर अनेक सरकारी योजनाएं उपलब्ध हैं। लेकिन जानकारी के अभाव में समाज के कई युवा उनका लाभ नहीं ले पाते। वीआईसीसीआई का प्रयास रहेगा कि हर नए उद्यमी को सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, मेंटरशिप और नेटवर्क उपलब्ध कराया जाए ताकि वह आत्मविश्वास के साथ अपना व्यवसाय स्थापित कर सके। डॉ. बासोतिया ने कहा कि संगठन देशभर के उद्यमियों को एक मजबूत आर्थिक परिवार के रूप में जोड़ते हुए व्यापारिक सहयोग, निवेश साझेदारी, उद्यम कार्यशालाओं और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारियों, उद्योगपतियों और युवा उद्यमियों के सामूहिक प्रयास से वीआईसीसीआई समाज की आर्थिक प्रगति और आत्मनिर्भरता का एक शक्तिशाली माध्यम बनेगा।

# रसोई व कॉमर्शियल गैस की किल्लत व कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

रसोई व कामर्शियल गैस की किल्लत व किमतों में बढ़ोतरी के विरोध में सोमवार को उपखंड कार्यालय के सामने कांग्रेस की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिहाग ने बताया केन्द्र की मोदी सरकार की गलत विदेश नीतियो के कारण देश मे ईंधन का संकट व्याप्त हो गया है। सरकार द्वारा आमजन पर महंगाई का बोझ डालते हुए घरेलू रसोई गैस के दामों में भारी बढ़ोतरी की गई है। रसोई गैस के दाम बढ़ाने के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर लक्ष्मणगढ़ कांग्रेस द्वारा उपखण्ड मजिस्ट्रेट कार्यालय पर धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया गया ।

उन्होंने बताया कि लक्ष्मनगढ में आयोजित विरोध प्रदर्शन में लक्ष्मनगढ विधानसभा क्षेत्र, जिला व प्रदेश पदाधिकारियो सहित कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनिता गिठाला, कार्यक्रम प्रभारी नरेश सैनी, नेछवा ब्लॉक अध्यक्ष कपिल शर्मा, सेवादल पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बा टड़, पीसीसी सचिव दिनेश कस्वा, सज्जन हाफास, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव



आकाश कुमावत,बलारां सहकारी समिति अध्यक्ष सुभाष पूनिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन बुटोलिया, बनवारी पांडे, शुभकरण बिंवाल, कुरड़ा राम धाभाई, फतेहपुर प्रभारी डॉक्टर कुलदीप ढाका, लक्ष्मणगढ़ शहर पूर्वी मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, लक्ष्मणगढ़ शहर पश्चिम मंडल अध्यक्ष चाँद खां, बलारां मंडल अध्यक्ष ताराचंद मेघवाल, लक्ष्मणगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन कुमावत, जाजोद मंडल अध्यक्ष दाउद अली खां, सोशल मीडिया प्रभारी हरफूल गोदारा बादुसर, प्रेम सिंह डोटासरा, कुलदीप माहीच, पार्षद प्यारेलाल मेघवाल, पाटोदा सरपंच महेंद्र ढाका, लालासी सरपंच राजेंद्र गढ़वाल, मानासी सरपंच मुकेश मानासी, घस्सू सरपंच मुकेश वर्मा, पंचायत समिति सदस्य मनोहर नैण बऊ, होंसियार सिंह दिशनाऊ, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मदन बिड़ोदी, राकेश जाखड़ रहनावा, रघुवीर जोसवाल रहनावा, हीरालाल ओला औलागढ़,परमेश्वर राजपुरा, जोगेंद्र डोटासरा, विकास शिवरान रोरू, विजेंद्र सेवदा अलखपुरा, नेमीचंद मील खोरु, अर्जुन सिंह खुड़ी बड़ी, शेर मोहम्मद लालासी, आसिफ खीरवा, साबिर कुरैशी, पूर्व सरपंच कुलदीप बाटड़, एडवोकेट सत्यनारायण सैनी, एडवोकेट राजकुमार राड़, अशोक ढाका, सत्यवीर भाष्कर, ताजमोहम्मद खीरवा, जमालूद्दीन सूबेदार खीरवा, रंगलाल धायल, माधोपुरा, बजरंग बिजारनिया पनलावा, ओमप्रकाश गढ़वाल भैरूँपुरा, देवी सिंह मूंड, गिरधारी भूरिया, भागीरथ ठेकेदार, नीरज जांगिड़, रमेश बेरवाल, पप्पू बागड़ी, सत्यनारायण सैनी, मुकेश झाझोटिया, संतोष सैन, नितेश बिंवाल, हेमंत सैनी, शाहिद सहित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शहीद धर्मपाल सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बलौदा में छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।**

शहीद धर्मपाल सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बलौदा (सूरजगढ़) में राज्य सरकार की योजना के तहत छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम विद्यालय परिसर में रक्षित सेवा संस्थान द्वारा निर्मित मां सरस्वती मंदिर के सामने आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच घनश्याम सिंह शेखावत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को साइकिल वितरण करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी है। इससे दूर-दराज के गांवों से आने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और उनकी पढ़ाई में भी निरंतरता बनी रहेगी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य नेतराम यादव ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही यह सुविधा विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित करेगी। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और विद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और विद्यार्थियों के चेहरों पर साइकिल मिलने की खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय स्टाफ ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



# सड़क हादसा: सड़क किनारे राह चलती महिला को कार ने पीछे से मारी टक्कर, मौके पर ही हुई मौत

### मंडावा में मुकुन्दगढ़ रोड़ परइंडियन स्कूल के पास की घटना

### मृतक महिला चीनादेवी आई हुई थी अपने पीहर मीठवास

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे के मुकुन्दगढ़ रोड़ पर एक सड़क हादसे में गाड़ी की टक्कर लगने से महिला की मौत होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार कार के चालक ने तेज ओर लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सड़क किनारे राह चलती एक महिला को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वही गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को मौजुद लोगो ने तत्काल मंडावा सामुदायिक अस्पताल पहुचाया जहॉ चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना को लेकर मंडावा एएसआई संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडावा में मुकुन्दगढ़ रोड़ पर स्थित इंडियन स्कूल के पास 65 वर्षीय चीनादेवी निवासी गोदु का बास अपने पीहर मीठवास आई हुई थी। चीनादेवी मीठवास से पैदल सड़क किनारे चलती हुई दवाई लेने के लिए मंडावा अस्पताल आ रही थी। उन्होने बताया कि मीठवास की ओर मंडावा की तरफ आ रही गाड़ी के चालक ने तेज गति ओर लापरवाही के गाड़ी चलाते हुए महिला चीना देवी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गई। मौजूद लोगो ने तत्काल अस्पताल पहुचाया जहॉ चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुची मंडावा पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। एएसआई संजीव कुमार ने बताया कि घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भागने में कामयाब हो गया। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है।



# वंचित बहुजनों के महानायक मान्य कांशीराम के 92वें जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## बसपा राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर आकाश आनंद रहे मुख्य अतिथि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.भरतपुर।**

रविवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में बामसेफ, डी एस फोर व बसपा के जन्मदाता व संस्थापक मान्यवर कांशीराम जी की 92वीं जयंती पर विशाल जनसभा का आयोजन नुमाइश मैदान भरतपुर में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद व विशिष्ट अतिथि केंद्रीय कॉर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल रहें। तथा अध्यक्षता सुमरत सिंह प्रदेश अध्यक्ष ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर व बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित की गई। आकाश आनंद ने अपनी बात रखने हुए कहा कि महापुरुषों के मिशन को समझकर में इस मिशन से जुड़ा हूं। आज उस महामानव कांशीराम की जयंती है जिन्होंने संपूर्ण जीवन बहुजन समाज को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर राजनीतिक चेतना जगाने वाले सामाजिक परिवर्तन के पुरोधा हैं। तथा कहा समाजवादी पार्टी आज काशीराम को याद कर रही है जबकि बहन जी की सरकार में महापुरुषों के नाम से बने कई जिलों, और कई महाविद्यालयों के नाम सपा ने क्यों बदले, 2 जून को गेस्ट हाउस कांड में बहन जी की हत्या करने का प्रयास इन्हीं सपा पार्टी के गुंडो ने किया ,सपा पार्टी हमारे लोगों को गुमराह कर रही है। कांग्रेस भी इसमें पीछे नहीं है काशीराम के देहांत पर इसी कांग्रेस ने एक दिन का शोक नहीं रखा। राहुज गांधी ने लखनऊ में कहा काशीराम नेहरू के दौर में होते तो मुख्यमंत्री होते जबकि कांशीराम ने चार चार बार बहन मायावती को मुख्यमंत्री बनाया, सैकड़ों नेता मंत्री बनाए। और राष्ट्रपति बनने से खुद मना किया। और राहुल गांधी कांशीराम को मुख्यमंत्री बनाने की बात कर रहे हैं। आज इन्हें साहब कांशीराम याद आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा दलित समाज का शोषण किया और भाजपा ने आरक्षण को खत्म करने का कार्य किया। बहन जी के शासन काल को आज सभी लोग याद करते हैं बसपा के शासनकाल में 28000 अंबेडकर ग्राम विकास कार्य कराए जिसमें नल बिजली मेडिकल, स्कूल मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की। तथा पहले ही शासनकाल में एक लाख से अधिक गुंडों को गुंडा एक्ट लगाकर जेल में भेजा। पार्टी ने कभी भी घोषणा पत्र जारी नहीं किया जबकि जमीन स्तर पर कार्य किए। इस मौके पर रणधीर सिंह बेनीवाल केंद्रीय कॉर्डिनेटर,सी पी सिंह स्टेट कॉर्डिनेटर सुमरत सिंह प्रदेश अध्यक्ष, प्रेम बारूपाल स्टेट कॉर्डिनेटर, हरि सिंह तेनगुरिया स्टेट कॉर्डिनेटर, भगवान सिंह बाबा लोकसभा जोन प्रभारी, दारा सिंह आजाद लोकसभा प्रभारी, बनवारी लाल बैरवा लोकसभा जोन प्रभारी, करन सिंह भंडारी, लोकसभा जोन प्रभारी, अमर सिंह बंशीवाल, जगन सिंह लोकसभा जोन प्रभारी, मोती सिंह पार्षद, सुरेश मीणा पूर्व विधायक, मोहन सिंह गुर्जर, फजल हुसैन, रामजीवन बौद्ध, सीताराम गोठवाल, सरदार बलविंद्र, आरिफ खान, अजिला जाटव, मदन मोहन भंडारी, शेर सिंह कुशवाह, मूलचंद उसरारा, अनूप कोरवाल, रमेश पोहिया,राजेंद्र सिंह सोना, वीरेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष,मोनू सिंह होड़लिया चरन सिंह दुबेश , सुरेश धरमपुर। बी वी एफ संयोजक अमरजीत सिंह निर्मला मौर्य आदि पदाधिकारी मौजूद रहें। तथा मंच का संचालन प्रेम बारूपाल ने किया।





# लोकेन्द्र शेखावत ने संभाला नगरपालिका ईओ का कार्यभार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** नगर पालिका मंडावा के ईओ जैकी राम गोयल के एपीओ होने के बाद आज सोमवार को दूसरा अधिशासी अधिकारी ईओ मिल गया है। राज्य सरकार के आदेश पर लोकेन्द्र सिंह शेखावत को मंडावा नगरपालिका में ईओ नियुक्त किया गया है। वे अजमेर नगर निगम से यहां आए है । उन्होंने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है, जिससे क्षेत्रवासियों को अब नियमित प्रशासनिक व्यवस्था मिलने की उम्मीद है। पदभार संभालने के बाद ईओ शेखावत ने नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों की जानकारी ली और कहा कि नगरपालिका क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का समाधान पारदर्शिता और तत्परता से करने का आश्वासन दिया। गौरतलब रहे कि इससे पहले जैकीराम गोयल अधिशासी अधिकारी का कार्यभार संभाल रहे थे उन्हें एपीओं कर दिया गया है । शेखावत के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर कस्बेवासियों और जनप्रतिनिधियों ने नव नियुक्त ईओ का स्वागत किया। इस अवसर पर सत्यनारायण बावलिया, आनन्द बिहारी सोलकी, कपिल बावलिया, राजपाल सिंह, सुरजीत सिंह, तेजपाल सैन सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# यूजीसी समता-संवर्धन नियमावली 2026 लागू करने की मांग को लेकर झुंझुनूं में रैली, कलेक्ट्रेट पर सभा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) की समता-संवर्धन नियमावली 2026 को पूर्ण रूप से लागू कराने की मांग को लेकर मंगलवार को झुंझुनूं में सामाजिक एवं जनवादी संगठनों ने संयुक्त रूप से रैली निकालकर प्रदर्शन किया। यह रैली सामाजिक न्याय अधिकार मंच झुंझुनूं के बैनर तले अम्बेडकर पार्क से जिला कलेक्टर कार्यालय तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रैली में शामिल लोग हाथों में बैनर और तख्तियां लिए हुए 'यूजीसी नियम 26 लागू करो', 'जय भीम', 'इंकलाब जिंदाबाद' जैसे नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां पहुंचकर रैली सभा में बदल गई। सभा की अध्यक्षता क्रांतिकारी किसान यूनियन के संयोजक पोकर सिंह झाझड़िया ने की। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि यूजीसी नियम 2026 का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न को रोकना है। यह नियम विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और वंचित समुदायों के विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा करने तथा शिक्षा प्रणाली में समानता सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। वक्ताओं ने कहा कि इस नियमावली को लागू करने के खिलाफ कुछ वर्गों द्वारा विरोध प्रदर्शन



और न्यायालय में याचिकाएं दायर की गई, जिसके चलते 29 जनवरी 2026 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस पर रोक लगा दी गई। उन्होंने कहा कि नियमावली में यदि कुछ खामियां हैं तो उन्हें दूर किया जा सकता है, लेकिन इसे पूरी तरह रोकना उचित नहीं है।

सभा में यह भी कहा गया कि जब भी मेहनतकश और वंचित वर्गों के हित में कोई कानून लाया जाता है तो उस पर रोक लगाने की कोशिश की जाती है। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि यह नियम किसी भी वर्ग के खिलाफ नहीं है, बल्कि सभी के लिए समानता और न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया गया है। सभा को बजरंग लाल एडवोकेट (शहीद भगतसिंह विचार मंच), विकास आल्हा (भीम आर्मी जिलाध्यक्ष), महेंद्र सिंह चारावास (आसपा जिला अध्यक्ष), महेंद्र सिंह शास्त्री (माली सैनी समाज अध्यक्ष), कमलेश काला (मेघवाल समाज संघ), बलबीर काला (अजाक जिला अध्यक्ष), इमरान बड़गुजर (मुस्लिम न्याय मंच), ओमप्रकाश सेवदा (बामसेफ), रामचंद्र कुलहरी (अखिल भारतीय किसान महासभा), गिरधारी महला (अखिल भारतीय किसान सभा), धर्मपाल बंशीवाल एडवोकेट, डॉ. सम्पत भारूपाल, रामानंद आर्य (अनुसूचित जनजाति संघर्ष समिति) सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इसके अलावा सहदेव कसवां, नरेंद्र पायल, सहीराम जाखड़, महताब सिंह चौधरी, त्रिलोक सिंह, फूलचंद बुडानिया, कैलाश महाराज, रामनिवास भूरिया, शीशराम, रामनारायण झाझड़िया, हरिओम पिलानी, दयाचंद चाहर, लीलाधर चौहान, जयप्रकाश जांगीड़, रामनिवास बेनीवाल, करणी राम महाऊ, शिवकुमार नाटास, बलवान बलवदा, बनवारीलाल जाट, उम्मेद सिंह कृष्णिया, यूनुस अली भाटी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।सभा के दौरान एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलक्टर झुंझुनूं से मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा। कार्यक्रम का संचालन बजरंग लाल एडवोकेट ने किया। आयोजकों ने चेतावनी दी कि यदि यूजीसी समता-संवर्धन नियमावली 2026 को शीघ्र लागू नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# सलीमपुर के ग्रामीण कच्चे रास्तों को पक्का कराने की मांग लेकर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**



**मनोज बुलाण ।** अटेली क्षेत्र के गांव सलीमपुर के ग्रामीण कच्चे रास्तों को पक्का करवाने की मांग को लेकर स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय पहुंचकर उनके निजी सचिव विकास यादव से सोमवार को मुलाकात कर समस्या से अवगत करा कर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से रास्ते कच्चे होने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सलीमपुर माइनर से गढ़ी की ओर जाने वाला करीब चार करम चौड़ा रास्ता तथा धनूंदा गांव से वाया सलीमपुर कारिया की ओर जाने वाला रास्ता आज भी कच्चा है। इन दोनों मार्गों के आसपास कई ढाणियां स्थित है। जहां काफी संख्या में लोग निवास करते हैं। रोजमर्रा के काम, खेती-बाड़ी और बच्चों के स्कूल जाने के लिए ग्रामीणों को इन्हीं रास्तों का सहारा लेना पड़ता है। बरसात के मौसम में इन कच्चे रास्तों की स्थिति और भी खराब हो जाती है। रास्ते में कीचड़ भर जाने के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है, वहीं दोपहिया व चारपहिया वाहन निकालना भी कठिन हो जाता है। इससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने मांग की कि दोनों रास्तों को जल्द से जल्द पक्का करवाया जाए ताकि आसपास की ढाणियों में रहने वाले लोगों को सुविधा मिल सके और आवागमन सुगम हो सके। स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव विकास ने ग्रामीणों की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांग को संबंधित विभाग तक पहुंचाकर जल्द ही रास्ते को पक्का करवाने की प्रक्रिया शुरू करवाई जाएगी। इस मौके पर पूर्व सरपंच एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर सिंह, धर्मवीर, मातादीन, पप्पू, विजयपाल, बृजलाल, ओमप्रकाश उप सरपंच सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# नपा की कूड़ा निस्तारण की नियमित गाड़ी आने के बाद भी कुछ दुकानदार व आम लोग कूड़ा जलाकर पर्यावरण को पहुंचा रहे नुकसान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**



**मनोज बुलाण ।** अटेली कस्बे में कुछ दुकानदारों और स्थानीय लोगों द्वारा खुले में कूड़ा जलाने की प्रवृत्ति लगातार देखने को मिल रही है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से कूड़ा उठाने की व्यवस्था होने के बावजूद कई लोग कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने के बजाय उसे जलाकर निस्तारित कर रहे हैं। इससे क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है और आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। स्थिति यह है कि अटेली स्थित बीडीपीओ परिसर व दूसरे स्थानों में भी कूड़ा जलाने के मामले सामने आए हैं। यहां जलते हुए कूड़े से उठने वाला धुआं आसपास के माहौल को प्रदूषित कर रहा है। खुले में कूड़ा जलाने से हवा में हानिकारक गैसें और धूलकण फैलते हैं, जो लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। इन दिनों पतझड़ का मौसम होने के कारण पेड़ों से पत्ते अधिक मात्रा में गिर रहे हैं। सुबह और शाम के समय कई स्थानों पर सूखे पत्तों और अन्य कचरे को आग लगाई जा रही है। धुरेंद्र पाल, संदीप जांगिड़, महेश, तेजप्रकाश, बिरेंद्र कुमार आदि ने बताया कि इससे वातावरण में धुआं फैल रहा है और वायु गुणवत्ता पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कूड़े का सही तरीके से निस्तारण किया जाए तो प्रदूषण को काफी हद तक कम किया जा सकता है। नगर पालिका प्रशासन की ओर से कूड़ा एकत्रित करने के लिए नियमित रूप से ट्रैक्टर-ट्रॉली और टेंपो भेजे जाते हैं। इन वाहनों के माध्यम से घरों और बाजारों से कचरा उठाने की व्यवस्था की गई है, ताकि लोग कूड़े को इधर-उधर फेंकने या जलाने के बजाय सीधे नगर पालिका के वाहनों में डाल सकें। हालांकि कुछ लोग इस व्यवस्था का पालन करते हैं, लेकिन कई लोग अब भी लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे समस्या बनी हुई है।नगर पालिका के सचिव प्रशांत पाराशर ने बताया कि कस्बे से कूड़ा एकत्रित करने के लिए प्रतिदिन तीन टेंपो और ट्रैक्टर-ट्रॉली भेजे जाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे कूड़ा जलाने के बजाय नगरपालिका की गाडियों में ही डालें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति खुले में कूड़ा जलाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका कस्बे को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए लोगों का सहयोग बेहद आवश्यक है।

# सुरक्षा सखी पखवाड़ा मनाया,राजस्थान पुलिस का विशेष अभियान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.अजीतगढ़।**

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान मे सोमवार को अजीतगढ पी.जी कॉलेज मे पुलिस उपाधीक्षक प्रेम बहादुर निर्भय के मुख्य आतिथ्य व थानाधिकारी विजय सिंह की अध्यक्षता मे सुरक्षा सखी पखवाड़ा मनाया गया। मुख्य अतिथि डीवाईएसपी निर्भय ने महिलाऐं व बालिकाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा सखी व छात्राओ को राजकोप सिटिजन ऐप के उपयोग के बारे में बताया गया, जिससे किसी भी आपात स्थिति में पुलिस से तुरंत संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, आत्म





सुरक्षा के उपाय अपनाने तथा महिला हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। थानाधिकारी विजय सिंह ने महिलाओं को महिला डेस्क, ऑपरेशन गरिमा, ऑपरेशन लाडली, सुरक्षा सखी अभियान तथा ऑपरेशन जागृति के बारे में भी अवगत कराया तथा बताया गया कि इन अभियानों के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार कार्य कर रही है। श्रीमाधोपुर थाने के सब इंस्पेक्टर सुभाष शर्मा ने आपातकालीन नंबर आमजन को नोट करवाया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन, गुड टच-बैड टच तथा पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी देकर बाल सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम मे कॉलेज निदेशक विजय यादव, सोसायटी के तहसील प्रभारी कपिल मीणा,ब्लॉक संयोजक शंकर शर्मा, क्षेत्रीय विकास परिषद के अध्यक्ष राजेश शर्मा, जीव सेवा समिति अध्यक्ष महेश दीवान, धर्मा सैंन,डब्बू सिंह सहित अजीतगढ, थोई, श्रीमाधोपुर थाने की महिला सुरक्षा सखी उपस्थित रही। मंच संचालन शंकर लाल शर्मा ने किया।

# टोहाना पुलिस की बडी कार्यवाही-पुरानी रंजिश के चलते व्यक्ति को घेरकर जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपी काबू

## हनुमान नगर के पास दिया था वारदात को अंजाम; हमलावरों ने कुल्हाड़ी, रॉड और डंडों से पीटा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के मार्गदर्शन में हिंसक वारदातों और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक व्यक्ति पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल उर्फ लीलू पुत्र चंद्रपाल (निवासी गुप्ता कॉलोनी, टोहाना) और सुनील उर्फ सीना पुत्र खुशी राम (निवासी रविदास मोहल्ला, टोहाना) के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरिक्षक कुलदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित राजेश उर्फ मिडा (निवासी वार्ड नंबर 18, रविदास मोहल्ला) ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि 14 मार्च 2026 की शाम वह अपनी स्कूटी पर हनुमान नगर से घर जा रहा था। तब नामजद आरोपियों ने रास्त रोककर कुल्हाड़ी, रॉड और डंडे से हमला कर घायल कर दिया। शिकायत के आधार पर थाना शहर टोहाना में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं 190, 191(2), 115(2), 126(2) और 109(1) के तहत मुकदमा 82/2026 दर्ज किया गया था।पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त दो मुख्य आरोपियों अनिल उर्फ लीलू और सुनील उर्फ सीना को गिरफ्तार कर लिया है।वारदात में शामिल अन्य फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।मामले की जाँच जारी है ।

### फतेहाबाद पुलिस की अपील:

पुलिस प्रशासन आमजन से अपील करता है कि किसी भी प्रकार की रंजिश या विवाद में कानून को अपने हाथ में न लें। हिंसक गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।र ट्रैक्टर-ट्रॉली भेजे जाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे कूड़ा जलाने के बजाय नगरपालिका की गाडियों में ही डालें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति खुले में कूड़ा जलाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका कस्बे को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए लोगों का सहयोग बेहद आवश्यक है।

# रैफल्स विश्वविद्यालय में नेक्स्ट-जेनरेशन वायरलेस सेंसर नेटवर्क्स पर एक्सपर्ट टॉक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** रैफल्स विश्वविद्यालय, नीमराना के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी विद्यालय द्वारा आयोजित 'एक्सपर्ट टॉक' का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस व्याख्यान का विषय 'नेक्स्ट-जेनरेशन वायरलेस सेंसर नेटवर्क्सः चुनौतियाँ, नवाचार और अनुप्रयोग' रहा। प्रख्यात वक्ता डॉ. कुमार नितेश, एसोसिएट प्रोफेसर, एनआईआईटी यूनिवर्सिटी, नीमराना ने आधुनिक वायरलेस सेंसर नेटवर्क्स की प्रमुख चुनौतियों, नवीनतम तकनीकी नवाचारों तथा उनके विभिन्न व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर विस्तृत एवं जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में वायरलेस सेंसर नेटवर्क्स स्मार्ट सिटी, हेल्थकेयर, पर्यावरण निगरानी और औद्योगिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह कार्यक्रम 16 मार्च 2026 को दोपहर 12:00 बजे से 1:30 बजे तक ऑफलाइन मोड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के डीन डॉ. राजेंद्र सिंह द्वारा किया गया। इस एक्सपर्ट टॉक के माध्यम से विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्राप्त हुआ तथा उन्हें भविष्य के अनुसंधान के लिए प्रेरणा भी मिली।

# स्व. बागड़ी स्मृति शेखावाटी स्तरीय महात्मा फुले अवार्ड के लिए गठित कमेटी की मीटिंग आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

सेवा व परोपकार के जिला प्रशासन से सम्मानित संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से समाजसेवी आनंद कुमार बागड़ी की पुण्यतिथि पर 13 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर ट्रस्ट की ओर से गठित की गई कमेटी की मीटिंग सोमवार को आनंद विला बागड़ी कोठी में ट्रस्ट के संरक्षक अनिल कुमार बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के मंत्री पत्रकार बाबूलाल सैनी ने बताया कि ट्रस्ट के चैयरमेन महेश बागड़ी के निर्देश पर गठित कमेटी की आयोजित मीटिंग में वर्ष 2026 के लिए दिए जाने वाले समाजसेवी स्व. बागड़ी स्मृति शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड के लिए संभावित विभूतियों के नामों पर विचार विमर्श किया गया। जबकि लक्ष्मनगढ विधानसभा क्षेत्र से 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक सरकारी सेवाओं में चयनित सैनी समाज के युवाओं की चयन सूची पर विचार किया जाकर अतिथियों को निमंत्रण, मंच व्यवस्था आदि पर विचार कर समाजसेवी स्व बागड़ी की 12वीं पुण्यतिथि संत सानिध्य में श्रद्धा पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। मीटिंग में अतिथियों को आमंत्रित व निमंत्रण के लिए उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार सैनी,बैंक मैनेजर अनिल



कुमार सैनी, सहायक लेखाधिकारी प्रथम झाबरमल माली, शिक्षाविद महेंद्र कुमार माली, नथमल मावलियों की ढाणी को जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार राकसिया ने चयनित सूची तैयारियों सहित अन्य जानकारी से उपस्थित जनों को अवगत कराया। मीटिंग में अनिल कुमार बागड़ी, सज्जन कुमार सैनी, झाबरमल माली, अनिल कुमार सैनी, नथमल मावलियों की ढाणी,पूर्व पार्षद राकेश कुमार सैनी, रतनलाल सैनी, विनोद कुमार सैनी, महावीर प्रसाद सैनी, दीपचंद सैनी, मनीष कुमार सैनी, मावलियों की ढाणी,बाबूलाल सैनी सहित चयन समिति के सदस्य ट्रस्ट के पदाधिकारी सदस्य मौजूद थे।

# जोहड़ बना काल : रसूलपुर के दो सगे भाइयों की डूबने से मौत

## बिलखती मां के सामने मंत्री किरोड़ीलाल मीणा पहुंचे, सरकार से हरसंभव मदद का दिया भरोसा।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.अलवर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया, जहां एक ही परिवार के दो मासूम सगे भाइयों की जोहड़ में डूबने से मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर प्रभारी मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा भी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और बिलखती मां को ढांढस बंधाते हुए प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रसूलपुर गांव निवासी पुरण बलाई के पुत्र मनीष बलाई (15) और संदीप बलाई (12) रविवार सुबह करीब दस बजे अपने घर से जंगल में रह रही दादी से मिलने के लिए निकले थे। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब ढाई बजे दादी के घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर जलाशय के पास दोनों भाई बेवड़ी के बेर खाने के लिए चले गए। उसी दौरान खेतों में गेहूं काट रही मजदूर महिलाओं ने उन्हें वहां से भगा दिया, जिसके बाद दोनों बच्चे वहां से आगे निकल गए और कुछ ही देर में नजरों से ओझल



हो गए। परिजनों के अनुसार दोनों बच्चे शाम तक घर नहीं लौटे तो परिवार के लोगों को चिंता हुई और उन्होंने आसपास के खेतों, जंगल और जलाशय क्षेत्र में देर रात तक तलाश की, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं लगा। सोमवार सुबह जब खेतों में काम करने पहुंचे मजदूरों की नजर जोहड़ के किनारे पड़े कपड़ों पर पड़ी तो ग्रामीणों को शक हुआ। सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। जब जोहड़ में झांककर देखा गया तो पानी में दोनों बच्चों के शव दिखाई दिए, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलते ही लक्ष्मणगढ़ डीएसपी कैलाश जिंदल पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को जोहड़ से बाहर निकलवाया गया। इस दर्दनाक मंजर को देखकर मौके पर मौजूद ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा तथा राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगेलाल मीणा भी घटनास्थल और पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उस समय बच्चों की मां अपने दोनों बेटों को खोने के गम में मंत्री के पैरों में गिरकर फूट-फूटकर रोने लगी। इस मार्मिक दृश्य को देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें भर आईं। प्रभारी मंत्री ने दुखी मां को संभालते हुए ढांढस बंधाया और कहा कि प्रदेश सरकार इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़ी है तथा हरसंभव आर्थिक और प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

बताया जा रहा है कि प्रभारी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा उस समय अलवर में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में भाग लेने के बाद जयपुर लौट रहे थे। रास्ते में उन्हें इस दर्दनाक घटना की जानकारी मिली तो वे तुरंत अपना कार्यक्रम बदलकर रसूलपुर गांव पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। ग्रामीणों के अनुसार यह हादसा रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे के आसपास हुआ माना जा रहा है, लेकिन बच्चों के लापता होने के बाद उनकी तलाश में पूरा गांव जुटा रहा। सोमवार को जोहड़ के किनारे कपड़े दिखाई देने के बाद पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ और सर्च अभियान चलाकर दोनों बच्चों के शव पानी से बाहर निकाले गए। एक ही परिवार के दो मासूम बेटों की असमय मौत ने रसूलपुर गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। गांव में हर ओर शोक का माहौल है और परिजन बार-बार यही कह रहे हैं कि अगर समय रहते बच्चों का पता चल जाता तो शायद यह दर्दनाक हादसा टल सकता था। वहीं प्रशासन ने मामले की आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू करते हुए पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंपने की कार्रवाई की।

# कांग्रेस का कलेक्ट्रेट पर हल्ला बोल; गैस आपूर्ति और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ दिया धरना

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में जिला कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। मंडावा विधायक और जिला कांग्रेस अध्यक्ष रीटा चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की अनियमित आपूर्ति और समय पर उपलब्धता न होने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने सरकार का ध्यान जनहित की समस्याओं की ओर आकर्षित कर शीघ्र समाधान की मांग की। प्रदर्शन में सूरजगढ़ के वरिष्ठ विधायक श्रवण कुमार, पिलानी विधायक पितराम सिंह काला, उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी, पूर्व प्रधान निहाल सिंह रणवा और शेर सिंह नेहरा ने भाग लिया। कार्यक्रम में पीसीसी प्रदेश सचिव सुरेंद्र बेनीवाल,





राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश महासचिव राजकुमार राठी व जिला अध्यक्ष विजय मील, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राहुल जाखड़, चिड़ावा ब्लॉक अध्यक्ष संजय सैनी, पिलानी ब्लॉक अध्यक्ष विनोद काजला, नगर अध्यक्ष सुनील पंडित, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि रोहतास रणवा, जिला परिषद सदस्य नरेंद्र लमोरिया, संत कुमार भांभू, सरपंच अनिल कटेवा, अनिल जांगिड़ और अरविंद बाडेटिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी जनप्रतिनिधियों ने एक सुर में गैस संकट और अन्य जनसमस्याओं के समाधान की मांग करते हुए भविष्य में भी जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# नसीब अली बने नीमराना ब्लॉक अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा ने नीमराना ब्लॉक के लिए नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। चौबारा गांव निवासी नसीब अली को इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा की गई इस नियुक्ति पर नसीब अली ने खुशी जताई है। नसीब अली ने कहा कि वे पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एमडी चौपदार, मुंडावर विधायक ललित यादव और जिला अध्यक्ष मुनानुद्दीन कुरैशी सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी।

# खैरथल में वॉकथॉन और मिलेट मेले से मोटे अनाज को मिला बढ़ावा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** सोमवार को खैरथल में वॉकथॉन रैली और मिलेट मेले का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य स्वस्थ खान-पान और संतुलित जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक करना था। जिला कलेक्टर कार्यालय से सुबह आयोजित वॉकथॉन रैली को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट, खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत यादव, पीएमओ डॉ. नितिन शर्मा तथा डिप्टी सीएमएचओ पूरन मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए हरसोली रोड स्थित सीएमएचओ कार्यालय परिसर पहुंची, जहां मिलेट मेले का आयोजन हुआ। मेले में मोटे अनाज के पोषण महत्व की जानकारी दी गई तथा बाजरा, ज्वार और रागी से बने पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य लोगों को पारंपरिक मोटे अनाज अपनाने के लिए प्रेरित करना और स्वस्थ जीवनशैली की ओर जागरूक करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी और नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे। इस आयोजन से मोटे अनाज को बढ़ावा मिला और लोगों को संतुलित आहार के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

# मण्डावर पुलिस का नशे पर वार: 240 ग्राम गांजा सहित युवक गिरफ्तार, बाइक जब्त

## सीओ मनोहरलाल मीना के सुपरविजन में बडी कार्रवाई को दिया अंजाम

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मण्डावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** थाना पुलिस ने क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 240 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है, वहीं परिवहन में उपयोग ली जा रही मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के कारोबार से जुड़े लोगों में खलबली मच गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए महवा सीओ मनोहरलाल मीना के निकटतम सुपरविजन में मण्डावर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। इसी क्रम में रविवार को पुलिस टीम द्वारा मण्डावर से गोपालगढ़ जाने वाली सड़क पर पानी की टंकी के पास संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान एक युवक को संदिग्ध हालत में रोका गया और तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 240 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी अभिषेक उर्फ बिट्टू सैन को गिरफ्तार कर लिया तथा गांजा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल नंबर आरजे 29 जीएस 2654 को जब्त कर लिया। आरोपी के विरुद्ध मण्डावर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाने के लिए गहन अनुसंधान किया जा रहा है।

# बीकानेर ग्रामीण में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के तहत बैठक व सम्मान समारोह आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार ।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बीकानेर ग्रामीण ब्लॉक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक तथा महिला समाधान समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेटी जन्मोत्सव एवं एकल बेटी सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें बेटियों और उनकी माताओं का सम्मान कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी महिमा कसाना ने दो बेटियों सारा और पल्लवी का केक कटवाकर जन्मोत्सव मनाया तथा उन्हें बैग और पानी की बोतल भेंट की। साथ ही उनकी माताओं को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर



उन्होंने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं और महिला सशक्तिकरण के लिए जरूरी है कि बेटियों को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर भी जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व है कि बेटियों को आगे बढ़ने के लिए समान अवसर मिले और वे कौशल एवं हुनर सीखकर आर्थिक रूप से भी सशक्त बनें।

कार्यक्रम में विकास अधिकारी साजिया तबस्सुम ने बेटियों के पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि पोषण के लिए महंगी चीजों पर निर्भर रहना जरूरी नहीं है, बल्कि घर में उपलब्ध दालों और मसालों से भी संतुलित और पौष्टिक आहार तैयार किया जा सकता है। इसी क्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी नवरंग मेघवाल ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को एनीमिया जैसी समस्याओं से बचने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेना चाहिए और बेटियों को भी पूर्ण शिक्षा देकर सशक्त बनाना आवश्यक है।कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामकुमार सिलु, डॉ. सुनील जैन एवं पीयूष चौधरी ने शिक्षा, स्वास्थ्य और मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर आयोजित एकल बेटी सम्मान समारोह में पुत्री तरूणा एवं उनकी माता राधा को चुनरी, दुशाला, नारियल और लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रचेता विजयलक्ष्मी जोशी ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन पर्यवेक्षक सुनीता गौड़ द्वारा किया गया।इस मौके पर 100 से अधिक महिलाएं, महिला पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना से जुड़े कार्मिक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और उनके सर्वांगीण विकास का संदेश दिया गया।

# शाहजहांपुर के दो खिलाड़ियों का गुरुग्राम में चयन, कस्बे में हुआ सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.शाहजहांपुर।**

**रमेशचंद ।** शाहजहांपुर कस्बे के युवा खिलाड़ियों ने खेल के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। रूट फाउंडेशन तथा हुंडई के तत्वावधान में 8 मार्च को गुरुग्राम स्थित अल्ट्रेक्स बैडमिंटन अकैडमी में आयोजित सिलेक्शन ट्रायल्स में शाहजहांपुर के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। नयन शर्मा (पुत्र पुनीत कुमार शर्मा) तथा हिमांशी शर्मा (पुत्री प्रवीण शर्मा एडवोकेट) निवासी शाहजहांपुर का चयन ट्रायल्स में किया गया है। चयन के बाद अब दोनों खिलाड़ियों को आगे की खेल गतिविधियों के लिए कार निर्माता कंपनी हुंडई और रूट फाउंडेशन द्वारा स्पॉन्सर किया जाएगा, जिससे उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिल सकेंगी। इस उपलब्धि पर रविवार को शाहजहांपुर कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में दोनों खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर और मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर हॉकी




कोच हरिपाल सिंह मीणा, मुसद्दीलाल बाबूजी, पवन शर्मा (कैम्पा), जेपी सेन, शाहरुख खान उर्फ मोदी, चमन, केशव, गोलू सहित बड़ी संख्या में बच्चे और खेल प्रेमी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि शाहजहांपुर के लिए गर्व की बात है और इससे अन्य युवाओं को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

# महंगाई व गैस कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री का पुतला दहन

**भीम प्रज्ञा न्यूज़ .नोखा।**

बढ़ती महंगाई, घरेलू रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों तथा सामाजिक कार्यों के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडरों की अनुपलब्धता के विरोध में सोमवार को नोखा ब्लॉक देहात एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में तहसील चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर रोष प्रकट किया।प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस देहात अध्यक्ष रामनिवास तरड़ एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहनराम लीलड़ ने कहा कि भाजपा सरकार के गलत वित्तीय प्रबंधन के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों ने आमजन, विशेषकर गृहिणियों की रसोई का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है, जिससे आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी के कारण सामाजिक एवं व्यावसायिक गतिविधियाँ भी प्रभावित हो रही हैं। शादी-विवाह जैसे आयोजनों में भी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे परिवारों में चिंता का माहौल बना हुआ है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इन्हीं जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील चौराहे पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि आमजन से जुड़े इन गंभीर मुद्दों



का जल्द समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक भाजपा सरकार के खिलाफ अपना आंदोलन और तेज करेगी।जिला सचिव मुरली गोदारा ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री एवं गैस सिलेंडर की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर पुतला दहन किया और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सोमलसर भंवरलाल सारण, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष पवन नाई, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश जैन, रावताराम मेघवाल, मुकाम मंडल अध्यक्ष श्रीराम डेलू, झाड़ेली सरपंच भंवरलाल तरड़, यूथ कांग्रेस नेता तरुण पंडित, राकेश खिचड़, राजकुमार भादू, ओमप्रकाश तरड़ सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा के विरोध के बाद नगर निगम बीकानेर का विवादित टेंडर निरस्त, संभागीय आयुक्त ने दिए पारदर्शिता के निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार ।** नगर निगम बीकानेर में सफाई व्यवस्था के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली आपूर्ति से जुड़े टेंडर में कथित अनियमितताओं का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने बड़ा निर्णय लेते हुए विवादित टेंडर को निरस्त कर दिया है। यह कार्रवाई भाजपा प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए मुद्दे और प्रस्तुत किए गए तथ्यों के बाद की गई।मीडिया में आई खबरों के अनुसार टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही थी और आरोप लगाए गए कि टेंडर की शर्तें इस प्रकार बनाई गई थीं, जिससे किसी खास फर्म को लाभ पहुंचाया जा सके। भाजपा ने इसे सरकार को बदनाम करने की साजिश करार देते हुए मामले को गंभीरता से उठाया।

### भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने संभागीय आयुक्त से की मुलाकात

मामले को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सत्य प्रकाश आचार्य, जिला महामंत्री श्याम सिंह हाडला, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट अशोक प्रजापत, अरुण जैन, उम्मेद सिंह राजपुरोहित, नृसिंह सेवग, विजय शर्मा सहित वरिष्ठ नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा से मुलाकात कर विस्तृत जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि टेंडर में कुछ अधिकारियों द्वारा मिलीभगत कर ऐसी विशेष शर्तें जोड़ी गई थीं, जो केवल एक पसंदीदा फर्म को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तैयार की गई थीं। इससे अन्य योग्य फर्मों को प्रतिस्पर्धा से बाहर कर दिया गया।

### संभागीय आयुक्त ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

भाजपा द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और विरोध को देखते हुए संभागीय आयुक्त ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए नगर निगम अधिकारियों को विवादित टेंडर को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा गया कि अब नई टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से आयोजित की जाए।



### भाजपा ने दिए सुझाव, पारदर्शिता पर जोर

भाजपा नेताओं ने भविष्य की टेंडर प्रक्रिया को लेकर प्रशासन को सुझाव देते हुए कहा कि विवादित और पक्षपातपूर्ण शर्तों को पूरी तरह हटाया जाए किसी एक फर्म को लाभ पहुंचाने वाले नियम समाप्त किए जाएं, टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह सार्वजनिक और निष्पक्ष हो, ताकि सभी योग्य फर्मों को समान अवसर मिल सकें। नेताओं ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता होनी चाहिए, न कि किसी खास को फायदा पहुंचाने का प्रयास। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में भी इस प्रकार की अनियमितता सामने आई तो भाजपा उच्च स्तर पर सरकार और प्रशासन से इस मुद्दे को उठाएगी।

### जनता के हित में लिया गया फैसला

भाजपा नेताओं ने इस निर्णय को जनता के हित में बताया और कहा कि इससे न केवल सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि सार्वजनिक धन के दुरुपयोग पर भी अंकुश लगेगा।

# सिंघाना नगरपालिका में वार्ड पुनर्गठन पर विवाद, नगर कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

नगरपालिका सिंघाना में वार्डों के पुनर्गठन और सीमांकन की प्रक्रिया को लेकर विवाद गहरा गया है। नगर कांग्रेस कमेटी ने इस प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए सोमवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना के अध्यक्ष डी.पी. सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर वार्ड गठन में नियमों की अनदेखी और धांधली का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानकों की अवहेलना करते हुए वार्डों का विभाजन किया गया है। डी.पी. सैनी ने बताया कि कुछ वार्डों में मतदाताओं की संख्या 200 से भी कम रखी गई है, जबकि कई वार्डों में यह संख्या 1100 से अधिक है। इस तरह का असंतुलन लोकतांत्रिक सिद्धांतों के खिलाफ है और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है।

### वार्ड गठन में कई विसंगतियों का आरोप

ज्ञापन में नगर कांग्रेस ने वार्ड पुनर्गठन को लेकर कई गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई हैं सबसे बड़ी आपत्ति जनसंख्या के आंकड़ों को लेकर जताई गई है, जिसमें 18 सितंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित आंकड़ों और वर्तमान ड्राफ्ट सूची के आंकड़ों में भारी अंतर बताया गया है कुछ वार्डों में भौगोलिक विसंगतियों का भी आरोप लगाया गया है। वार्ड संख्या 21, 22, 24 और 30 में सीमा क्षेत्र से बाहर के मतदाताओं को शामिल करने की बात कही गई है। इसके अलावा सड़कों के आधार पर वार्ड विभाजन को भी गलत बताया गया है। एनएच-11 और बुहाना रोड के दोनों ओर के क्षेत्रों को वार्ड संख्या 16, 18, 21, 25, 30 और 31 में जिस प्रकार बांटा गया है, उसे



नियमों के विपरीत बताया गया है।

### ड्राफ्ट सूची निरस्त कर पुनः परिसीमन की मांग

नगर कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि वर्तमान ड्राफ्ट सूची को तुरंत निरस्त किया जाए और नियमों के अनुसार वार्डों का पुनः गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी वार्डों में मतदाताओं की संख्या संतुलित होना आवश्यक है, ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रह सके। नगर कांग्रेस अध्यक्ष डी.पी. सैनी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इन त्रुटियों को जल्द ठीक नहीं किया गया तो संगठन को मजबूरन बड़ा जनांदोलन करना पड़ेगा।

### कई कार्यकर्ता रहे मौजूद

इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना के अध्यक्ष डी.पी. सैनी, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कालोडिया, मैक्स नायक, घीसाराम मीणा, महावीर सैनी, रणजीत सैनी, रविदत्त गुरु, विकास, विक्रम सिंह, राजू गराटी, मानाराम, विशाल सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रिफंड के नाम पर बढ़ रहे साइबर फ्रॉड से सतर्क रहें: पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन की एडवाइजरी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** ऑनलाइन शॉपिंग, बैंकिंग और अन्य सेवाओं के रिफंड के नाम पर बढ़ती साइबर ठगी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन (आईपीएस) ने आमजन के लिए जनहित एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा करने से पहले पूरी तरह पुष्टि जरूर करें, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही से बैंक खाता खाली हो सकता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन दिनों साइबर अपराधी लोगों को ऑनलाइन शॉपिंग, बैंक ट्रांजेक्शन, बिजली बिल, मोबाइल रिचार्ज या अन्य सेवाओं के रिफंड का झांसा देकर कॉल या मैसेज कर रहे हैं और उनसे बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी हासिल कर ठगी कर रहे हैं।



■ **क्या है रिफंड स्कैम और कैसे करते हैं ठगी** इस प्रकार के साइबर फ्रॉड में ठग खुद को बैंक कर्मचारी, ई-कॉमर्स कंपनी के प्रतिनिधि या किसी सर्विस एजेंसी का अधिकारी बताकर लोगों से संपर्क करते हैं। वे बताते हैं कि उनके किसी ट्रांजेक्शन का रिफंड बनता है और पैसे वापस भेजने के लिए बैंक डिटेल या ओटीपी की जरूरत है। इसके बाद वे लोगों को किसी लिंक पर क्लिक करने, ऐप डाउनलोड करने या ओटीपी साझा करने के लिए कहते हैं। कई मामलों में ठग स्क्रीन शेयरिंग ऐप के जरिए मोबाइल की एक्सेस लेकर सीधे बैंक खाते से पैसे निकाल लेते हैं। रिफंड मिलने के लालच में कई लोग बिना जांच किए अपनी निजी जानकारी साझा कर देते हैं और ठगी का शिकार हो जाते हैं।

■ **साइबर ठगी से बचने के लिए जरूरी सावधानियां -** पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों को सतर्क करते हुए कहा कि किसी भी अनजान कॉल या मैसेज पर रिफंड के नाम पर मांगी गई जानकारी साझा न करें, बैंक या कोई भी संस्था फोन पर ओटीपी, पासवर्ड या यूपीआई पिन नहीं मांगती, किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें, अनजान व्यक्ति के कहने पर कोई ऐप डाउनलोड या स्क्रीन शेयर न करें अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी या अन्य निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें, रिफंड की जानकारी हमेशा संबंधित कंपनी या बैंक की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन से ही सत्यापित करें यदि कोई व्यक्ति जल्दबाजी में जानकारी देने का दबाव बनाए तो तुरंत कॉल काट दें इस तरह की जानकारी अपने परिवार और परिचितों तक भी जरूर पहुंचाएं ताकि वे भी सतर्क रहे।

■ **फ्रॉड होने पर तुरंत करें शिकायत -** यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या ष्4ह्वद्बह्-ष्ह्लद्बद्व.द्दश1.द्बठ्ठ पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। समय रहते शिकायत करने से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता और सतर्कता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि बिना पुष्टि किए किसी भी कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा न करें और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाएं।

# सरकारी स्कूल में सेंधमारी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश; जाखल पुलिस ने चोरी की बैटरियों सहित दो आरोपियों को दबोचा

**जी.एस.एस.एस. सिधानी से चोरी हुई थीं ईन्वर्टर बैटरियां; वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल भी बरामद**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना/जाखल।**

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशानुसार चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना जाखल पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गांव सिधानी स्थित सरकारी स्कूल (GSSS) में हुई चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।थाना जाखल प्रभारी उप-निरीक्षक सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जी.एस.एस.एस. सिधानी के प्रधानाचार्य कश्मीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 13 मार्च 2026 को स्कूल बंद होने के बाद अज्ञात चोरों ने कंप्यूटर लैब का ताला तोड़कर वहां से दो ईन्वर्टर बैटरियां (मार्का स्काईलार्क) चोरी कर ली थीं। 14 मार्च की सुबह लैब अटेंडेंट ने स्कूल पहुँचने पर चोरी की सूचना दी थी। प्रधानाचार्य की शिकायत पर थाना जाखल में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 305 और 331(4) के तहत मुकदमा नंबर 33/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।पुलिस टीम ने तकनीकी खुफिया जानकारी और सूचना तंत्र की मदद से त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें माननीय न्यायालय में पेश कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।



**फतेहाबाद पुलिस की अपीलः-** पुलिस प्रशासन सभी शिक्षण संस्थानों और सरकारी कार्यालयों के प्रभारियों से अपील करता है कि सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल परिसरों में सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्डों की उचित व्यवस्था रखें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत डायल 112 या नजदीकी पुलिस थाने में दें।

# ऑपरेशन 'एंटी वेनम' में महवा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: सिद्ध बाबा मंदिर की तलहटी से गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन एंटी वेनम' के तहत महवा थाना पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 365.30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में खलबली मच गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए महवा पुलिस उपाधीक्षक मनोहरलाल मीना के सुपरविजन में महवा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। इसी क्रम में रविवार को पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए सिद्ध बाबा मंदिर के पीछे पहाड़ी की तलहटी क्षेत्र में दबिश दी, जहां एक व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया गया। पुलिस द्वारा मौके पर की गई तलाशी में उसके कब्जे से 365.30 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी नन्नूराम पुत्र दामोदर गुर्जर उम्र 53 वर्ष निवासी पहाड़ी, पुलिस थाना महवा जिला दौसा को मौके से गिरफ्तार कर लिया। बरामद गांजे को जब्त कर आरोपी को थाने लाया गया, जहां उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और मामले में गहन अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी इस मादक पदार्थ को कहां से लाता था और किन लोगों को इसकी सप्लाई करता था।

# नमन अवॉर्ड्स 2026 में वर्ल्ड चैंपियंस का जलवा, पांच ट्रॉफियों के साथ बीसीसीआई व खिलाड़ियों ने मनाया जीत का जश्न

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में आयोजित नमन अवॉर्ड्स 2026 में भारत की पांच वर्ल्ड कप विजेता टीमों को सम्मानित किया। खिलाड़ियों को मेमेंटो देकर उनकी ऐतिहासिक उपलब्धियों का जश्न मनाया गया।

नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित नमन अवॉर्ड्स 2026 में भारतीय क्रिकेट की शानदार उपलब्धियों का जश्न देखने को मिला। इस खास मौके पर बीसीसीआई ने भारत की पांच वर्ल्ड कप विजेता टीमों को सम्मानित किया। बोर्ड की ओर से इन टीमों के खिलाड़ियों को मेमेंटो देकर उनकी ऐतिहासिक कामयाबी को सराहा गया और भारतीय क्रिकेट के सुनहरे दौर का जश्न मनाया गया।

**भारत की पांच वर्ल्ड कप विजेता टीमों को मिला सम्मान**

पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अलग-अलग स्तरों पर आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई बड़े खिताब अपने नाम किए हैं। इन्हीं उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए नमन अवॉर्ड्स 2026 में पांच वर्ल्ड कप जीतने वाली टीमों को सम्मानित किया गया। इनमें आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप 2025, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025, आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026, आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 और आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय टीमें शामिल रहीं। समारोह में मौजूद खिलाड़ियों और अधिकारियों ने इन ऐतिहासिक जीतों का जश्न मनाया।

**जूनियर टीमों ने दिखाया दम**

भारतीय जूनियर टीमों ने भी हाल के वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है। भारत की अंडर-19 महिला टीम ने कप्तान निक्की प्रसाद की अगुवाई में खेले गए अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब अपने नाम किया था। वहीं पुरुष अंडर-19 टीम ने कप्तान आयुष म्हात्रे के नेतृत्व में अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीतकर देश का नाम रोशन किया। इन युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियों को भी इस समारोह में खास तौर पर सराहा गया।

भारतीय सीनियर टीमों ने भी आईसीसी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई बड़े खिताब जीते। पुरुष टीम ने रोहित शर्मा की कप्तानी में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीती थी। इसके बाद महिला टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 जीतकर इतिहास रचा। हाल ही में भारतीय पुरुष टीम ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब अपने नाम किया, जहां फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर भारत ने तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीता। इन लगातार सफलताओं ने भारतीय क्रिकेट की ताकत और गहराई को दिखाया है।

**दिग्गजों को मिला खास सम्मान**

नमन अवॉर्ड्स 2026 में बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेट के तीन महान खिलाड़ियों को



कर्नल सी. के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। इनमें राहुल द्रविड़, मिताली राज और रोजर बिन्नी शामिल हैं। वहीं भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल को 2024-25 सीजन के लिए बेस्ट इंटरनेशनल मेन्स क्रिकेटर का अवॉर्ड दिया गया। महिला वर्ग में यह सम्मान स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को मिला। यह समारोह भारतीय क्रिकेट की उपलब्धियों को सम्मान देने वाला यादगार मंच बन गया।

# गुलवीर सिंह ने रचा इतिहास, न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन 2026 में तोड़ा नेशनल रिकॉर्ड



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्टार लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने रविवार को न्यूयॉर्क में पुरुषों की हाफ-मैराथन (21km) का नेशनल रिकॉर्ड तोड़ दिया है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) की एक रिलीज के अनुसार 27 वर्षीय सेना के धावक ने न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन 2026 में 59:42 का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया।

दक्षिण अफ्रीका के एड्रियन वाइल्डस्ट 59:30 के समय के साथ पहले स्थान पर रहे, उनके बाद मोरक्को में जन्मे अमेरिकी लंबी दूरी के धावक जुहैर तालबी रहे जिनका समय 59:41 था। पिछला नेशनल रिकॉर्ड 1:00:30 का था जिसे स्टीपलचेज विशेषज्ञ अविनाश साबले ने 2020 में दिल्ली हाफ मैराथन में बनाया था।

सिंह कई नेशनल रिकॉर्ड रखने वाले पहले भारतीय लंबी दूरी के धावक हैं जिनके रिकॉर्ड 3,000m ट्रैक से लेकर 25km रोड रेस तक हैं। एशियाई खेलों के पदक विजेता के नाम पुरुषों की 5,000m और 10,000m ट्रैक रेस के रिकॉर्ड भी हैं। सिंह का 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था जिसमें उन्होंने 5,000m और 10,000m दोनों ट्रैक रेस जीती थीं।

सिंह इस साल जुलाई में होने वाले ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स और सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों, दोनों में पोडियम पर जगह बनाने का पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, 'मैं पूरी तरह फिट हूं और आने वाली बड़ी अंतरराष्ट्रीय रेस में अच्छे नतीजों की उम्मीद कर रहा हूं।' सेना के यह धावक फिलहाल अमेरिका के कोलोराडो स्प्रिंग्स में रह रहे हैं।

# आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की नजरें ऋषभ और बदोनी पर रहेंगी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने तैयारियां शुरु कर दी हैं। ऋषभ के अलावा टीम में एक और बेहतरीन बल्लेबाज आयुष बदोनी हैं। ऐसे में इन दोनो का ही लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाना रहेगा। वहीं टीम की नजरें भी इनके प्रदर्शन पर रहेंगी। अभ्यास सत्र में ऋषभ ने टीम के प्रमुख बल्लेबाज आयुष बदोनी को एक बल्ला देते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि इससे तोड़ना नहीं संभालकर रखना। इसस पता चलता है कि टीम में कितना दोस्ताना माहौल है। ऋषभ और बदोनी सहित सभी खिलाड़ी अभी एक प्री-सीजन कैंप में अभ्यास कर रहे हैं। ऋषभ का लक्ष्य इस बार आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दर्ज कराना रहेगा। वह आईपीएल 2026 के लिए टीम के कप्तान हैं। उन्हें पिछले सत्र में सबसे अधिक कीमत देकर खरीदा गया था। वह अपने खेल से किसी भी मैच का रुख बदल सकते हैं। वहीं आयुष टीम के मध्यक्रम के प्रमुख बल्लेबाज हैं। इन दोनों का लक्ष्य इस बार टीम को खिताब जिताना रहेगा।

लखनऊ की टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। ऋषभ के आसपास टीम रहेगी पर बदोनी की भूमिका भी बल्लेबाज में काफी अहम रहेग। वह बड़े नामों के बीच भी अपनी विशेष जगह बनाने में सफल रहे हैं। सत्र की शुरुआत से पहले ऐसे पल टीम के माहौल के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। आईपीएल को लेकर टीम उत्साहित है और काफी काफी खुशनुमा माहौल में अभ्यास कर रही है इसका अंदाज कप्तान और बदोनी के बीच की बातचीत से चलता है। लखनऊ आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। इस दौरान इन दोनो खिलाड़ियों पर सबकी नजरें रहेंगी। इस दौरान बदोनी अपने को बेहतर साबित करना चाहेंगे। टीम चाहते कि जिस प्रकार अभ्यास के दौरान टीम प्रदर्शन कर रही है वैसा ही टूर्नामेंट में भी करे।

# सैमसन ने माना एक बार उनके दिमाग में भी शतक लगाने का विचार आया था

**मुम्बई (एजेंसी)।** टी20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय क्रिकेट टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज संजू सैमसन टूर्नामेंट में तीन बार शतक के करीब आकर भी उसे पूरा नहीं कर पाये क्योंकि टीम की जरुरतों के हिसाब से उन्होंने तेजी से खेला। इसी को लेकर एक कार्यक्रम में संजू ने माना है कि एक बार उसके मन में शतक बनाने का विचार आया पर अगले ही पल उसे लगा कि शतक से अधिक टीम की जीत जरुरी है। इसलिए उसने शतक का विचार छोड़कर टीम की जरुरतों के हिसाब से खेलना तय किया। सैमसन ने पांच मैचों में कुल 321 रन बनाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 199.37 का




रहा। वह टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उनके पास तीन बार शतक लगाने का अवसर था पर उन्होंने निजी उपलब्धि की चिंता नहीं की। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो सुपर-8 मैच में नाबाद 97 रन बनाये जबकि इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 रन बनाए। इसके अलावा न्यूजीलैंड के विरुद्ध फाइनल में 89 रन बनाये।

सैमसन ने कहा, लोग कहते हैं कि मैं तीन बार शतक नहीं लगा पाया पर मुझे लगता है उससे बहुत बड़ा काम हुआ है। मैंने शतक न बनाकर अधिक बेहतर योगदान दिया। मुझे ऐसा ही लगता है हालांकि मैं ये नहीं कहूंगा कि मैंने 100 के बारे में सोचा ही नहीं। हर किसी की तरह ही मेरे मन में भी आया था कि एक बार 100 बन जायें तो और अधिक मजा आयेगा पर बाद में सोचा कि जिस प्रकार खेलते हुए मैं यहां तक पहुंचा हूं, वैसे ही खेलूंगा।

सैमसन ने गौतम गंभीर की बात को बल दिया कि टीम में निजी उपब्धियों की जगह टीम गेम जरुरी है। सैमसन ने कहा कि मेरा भी मानना है कि टीम सबसे पहले है। । शुरुआत से ही तय हो गया था कि सभी टीम हित को सबसे पहले रखेंगे। सैमसन ने माना कि शुरुआत में अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिलने से वह हताश थे।

# सिनर, सबालेंका ने पहली बार इंडियन वेल्स खिताब जीता




इंडियन वेल्स । यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7 .6, 7 .6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाये बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता । दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया । मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी । महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3 .6, 6 .3, 7 .6 से हराकर खिताब जीता । इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है ।

# सीएसके की ओर से तीसरे नंबर पर उतरें सैमसन : रैना

नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा है कि इस माह के अंत में शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बल्लेबाज संजू सैमसन को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिये । सैमसन इस बार आईपीएल में पहली बार चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेलेंगे । इससे पहले के सत्र तक संजू राजस्थान रॉयल्स में थे और हमेश ही उसमें सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरते रहे हैं । वहीं रैना का मानना है कि सीएसके की ओर से खेलते हुए संजू अगर नंबर तीन पर उतरते हैं तो टीम संतुलन बेहतर होगा । रैना ने कहा कि संजू के आने के बाद भी सीएसके को पारी की शुरुआत के लिए रुतुराज गायकवाड़ और आयुष म्हात्रे की जोड़ी को ही उतारना चाहिये । वहीं संजू का का काम नंबर 3 पर उतरने हुए मध्क्रम को संभालने का रहना चाहिये । रैना ने कहा, 'वह लंबे समय तक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे हैं । मुझे लगता है कि यहां उनकी भूमिका टीम ने तय कर रखी होगी । मेरा मानना है कि रुतुराज और आयुष पारी की शुरुआत करें और संजू नंबर तीन पर खेलें तो अच्छा रहेगा ।

# कड़ी मेहनत से मिलती है सफलता : रोहित



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने उम्मीद जतायी है कि जिस प्रकार भारतीय क्रिकेट आगे बढ़ रहा है वह सिलसिला बना रहेगा । रोहित ने कहा कि सफलता कड़ी मेहनत और अभ्यास से मिलती है और उसका कोई भी शॉर्टकट या आसान रास्ता नहीं होता। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय पुरुष और महिला टीमों द्वारा हाल में जीते गए आईसीसी खिताब भविष्य में और बड़ी सफलताओं का आधार बनेगे । रोहित ने कहा कि टीम की सफलता के पीछे मैदान पर खेलने वाले खिलाड़ियों के साथ-ही सहयोगी स्टाफ सहित वे लोग भी रहते हैं जो सामने नजर नहीं आते पर वे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं1 रोहित शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करना आसान नहीं होता और इसके लिए खिलाड़ियों को लगातार समर्पण के साथ कड़ी मेहनत करनी पड़ती है । उन्होंने बताया कि केवल खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि टीम प्रबंधन, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ को भी सफलता के लिए लगाता मेहनत करनी होती है । इसलिए टीम की उपलब्धियों का श्रेय सभी लोगों को मिलना चाहिए। रोहित ने भारतीय क्रिकेट की हाल की सफलताओं पर खुशी जताते हुए कहा कि पिछले कुछ साल में देश का झंडा लगातार ऊंचा लहराया है । उन्होंने कहा कि केवल पुरुष क्रिकेट ही नहीं बल्कि महिला क्रिकेट ने भी शानदार प्रदर्शन किया है और विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। रोहित के मुताबिक भारतीय महिला टीम की विश्वकप जीत की उपलब्धियां भी उतनी ही प्रेरणादायक हैं जितनी पुरुष टीम की । राष्ट्रीय टीमों के साथ ही महिला और पुरुष वर्ग में अंडर-19 टीमों ने भी खिताबी जीत दर्ज की जिससे पता चलता है कि भविष्य की टीम की सफलता के लिए तैयार है ।

# बंगलादेश ने पाकिस्तान को 11 रनों से हराया और सीरीज भी जीती

**मीरपुर (एजेंसी)।** आगा सलमान का शतक गया बेकार, बंगलादेश ने तंजिद हसन (107) और मो. तौहीद हृदोय (नाबाद 48) की शानदार पारियों के बाद तस्कीन अहमद की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में रविवार को पाकिस्तान को 11 रनों से शिकस्त दी। इसी के साथ बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

291 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने 17 रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। साहिबजादा फरहान (छह), एम सदाकत (छह) और मोहम्मद रिजवान (चार) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद गाजी गौरी और अब्दुल समद ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट लिये 50 रन जोड़े। 14वें ओवर में नाहिद राणा ने गाजी गौरी (29) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अब्दुल समद (34), साद मसूद (38) और फहीम अशरफ (नौ) रन बनाकर आउट हुये। इसी दौरान आगा सलमान एक छोर थामे रन बनाते रहे। आगा सलमान ने कप्तान शाहीन शाह अफरीदी के



साथ आठवें विकेट के लिय 52 रन जोड़े। 48वें ओवर में तस्कीन अहमद ने आगा सलमान को आउट कर पाकिस्तान को आठवां झटका दिया। आगा सलमान ने 98 गेंदों में नो चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 106 रनों की शतकीय पारी खेली। 49वें ओवर में मुस्तफिजुर रहमान ने हारिस रउफ (एक) को आउटकर बंगलादेश को नौवीं सफलता दिलाई। मैच की आखिरी गेंद पर शाहीन शाह अफरीदी (37) रन बनाकर आउट हुये। इसी के साथ बंगलादेश ने 11 रनों से मुकाबला जीत लिया।

बंगलादेश के लिए तस्कीन अहमद ने चार विकेट लिये। मुस्तफिजुर रहमान को तीन विकेट मिले। नाहिद राणा ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। रिशाद हुसैन को एक विकेट मिला।

इससे पहले आज यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश के लिए सैफ हसन और तंजिद हसन की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 105 रन जोड़े। 19वें ओवर में शाहीन शाह अफरीदी ने सैफ हसन (36) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद नजमुल शान्तो ने तंजिद हसन के साथ दूसरे विकेट लिए 53 रन जोड़े। 30वें ओवर में हारिस राउफ ने नजमुल शान्तो (27) को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

37वें ओवर में बंगलादेश का तीसरा विकेट तंजिद हसन के रूप में गिरा। हालांकि तब तक वह अपना शतक पूरा कर चुके थे। उन्हें अबरार अहमद ने आउट किया। तंजिद हसन ने 107 गेंदों में छह चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 107 रनों की पारी खेली। लिटन कुमार दास (41) और रिशाद हुसैन (शून्य) पर आउट हुये। बंगलादेश ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 290 रनों का स्कोर बनाया। मो. तौहीद हृदोय ने 44 गेंदों में चार चौके लगाते हुए नाबाद 48 रनों की पारी खेली। अफिफ हुसैन ध्रुबो पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

पाकिस्तान के लिए हारिस राउफ ने तीन विकेट लिये। शाहीन शाह अफरीदी और अबरार अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# आप सभी को 2036 ओलंपिक की अच्छे से तैयारी करनी चाहिए : जय शाह

नई दिल्ली । आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने रविवार को संकेत दिए कि भारत 2036 में होने वाली ओलंपिक की मेजबानी करने वाला है । स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के राष्ट्रीय सम्मेलन में जय शाह ने कहा कि भारत को खेल जगत के इस सबसे बड़े इवेंट की मेजबानी के लिए अच्छी तैयारी करनी चाहिए । जय शाह ने कहा, 'आप सब जानते हैं कि जब मैं बीसीसीआई में था तो मैंने 2028 तक की तैयारी की थी । खुशकिस्मती से मुझे अच्छे नतीजे मिले । हालांकि, बीसीसीआई की टीम यहां बैठी है । आप सबको 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स की तैयारी करनी चाहिए । आप सभी को 2032 के ब्रिस्बेन ओलंपिक की तैयारी करनी चाहिए और आप सब जानते हैं कि 2036 का ओलंपिक कहां होने वाला है । आप सबको उसकी भी तैयारी करनी चाहिए ।' साल 2024 में बीसीसीआई सचिव से आईसीसी के प्रमुख बने जय शाह ने इस मौके का इस्तेमाल 2019 से 2026 तक भारतीय क्रिकेट के लिए एक बदलाव भरे दौर पर बात करने के लिए किया । उन्होंने कहा, '2019 से 2026 तक का समय बीसीसीआई और भारत के लिए बहुत अहम था । आज, मैं सबको बधाई देता हूं । हमने दो अंडर-19 महिला वर्ल्ड कप खिताब और दो अंडर-19 पुरुष वर्ल्ड कप जीते । हम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में दो बार रनरअप रहे । हम पुरुष वनडे विश्व कप में रनरअप रहे, जबकि महिला वनडे वर्ल्ड कप को अपने नाम किया । हमने टी20 वर्ल्ड कप दो बार जीता और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब भी अपने नाम किया । यही कारण है कि 2019 से 2026 तक का समय हम सबके लिए एक सुनहरा दौर था और आप सभी ने इसमें एक बड़ी भूमिका निभाई ।'

# अगर मनप्रीत मेरा रिकॉर्ड तोड़ देता है तो मुझे बहुत खुशी होगी : दिलीप टिर्की



कोलकाता । हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की ने कहा कि अगर मनप्रीत सिंह उनके 412 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के रिकॉर्ड को तोड़ देते हैं तो उन्हें बहुत खुशी होगी । टिर्की ने रेवस्पोर्ट्ज़ ट्रेलब्लेज़र्स 4.0 के एक सत्र के दौरान कहा, 'अगर मनप्रीत मेरा रिकॉर्ड तोड़ता है तो मुझे बहुत खुशी होगी । रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं ।' मनप्रीत ने अभी तक 411 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और उन्हें सबसे पहले 400 से अधिक मैच खेलने वाले टिर्की से आगे निकलने के लिए केवल दो मैच की जरूरत है । टिर्की ने कहा, 'मैं दुनिया का पहला खिलाड़ी था जिसने 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और यह उपलब्धि हमेशा मेरे साथ रहेगी। मैं इस बात को अच्छी तरह से जानता हूं कि इसके लिए कितनी कड़ी मेहनत करनी पड़ती है । इसके लिए हमेशा फिट रहना और लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होता है ।' उन्होंने कहा, 'अगर मनप्रीत इसी तरह से खेलते रहे और वह अपनी फिटनेस बनाए रखते हैं तो उनके पास मेरा रिकॉर्ड तोड़ने का अच्छा मौका है । मेरे हॉकी इंडिया के अध्यक्ष रहते हुए किसी भारतीय खिलाड़ी का यह रिकॉर्ड बनाना मेरे लिए खास होगा ।' इस अवसर पर मनप्रीत ने कहा कि यह साल भारतीय हॉकी टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और उसे अपने कमजोर क्षेत्रों पर काम करना होगा । उन्होंने कहा, 'मैं वापस शिविर में लौट आया हूं और कड़ी मेहनत कर रहा हूं । यह साल हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है । शिविर में हमें यह पता करने का मौका मिला कि हमें किन क्षेत्र में सुधार की जरूरत है और हम सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।'

# बुमराह ने शादी की सालगिरह पर पत्नी संजना को बधाई दी

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शादी की सालगिरह पर अपनी पत्नी और स्पोर्ट्स प्रेजेंटर संजना गणेशन को बधाई दी पर संजना ने इसके बाद मजाकिया अंदाज में उन्हें ट्रॉल कर दिया । संजना और बुमराह की शादी की ये पांचवीं सालगिरह थी । साल 2021 में इनकी शादी हुई थी । सालगिरह पर संजना ने एक खास पोस्ट की। संजना ने उनकी छोटी सी कैप्शन पर मजाकिया अंदाज में जवाब देने के साथ ही दोनों की कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं । इस पोस्ट में उन्होंने लिखा कि चाहे जिंदगी उन्हें कहीं भी ले जाए या दुनिया कितनी भी व्यस्त हो जाए, वे हमेशा एक-दूसरे के साथ हैं । उन्होंने बुमराह को अपना सबसे अच्छा दोस्त बताया और कहा कि उनकी साथ की कहानी उनकी सबसे पसंदीदा है । हाल मे हुए टी20 विश्वकप में बुमराह का प्रदर्शन शानदार रहा था । उन्होंने आठ मैचों में 14 विकेट लिए । अब वह आईपीएल में खेलते हुए दिखेंगे । आईपीएल टूर्नामेंट की शुरुआत 28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच से होगी ।



# वैभव सूर्यवंशी ने किया खुलासा, आईपीएल में क्रिस गेल के इस बड़े रिकॉर्ड को तोड़ना चाहते हैं



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** 15 मार्च को दिल्ली में बीसीसीआई के वार्षिक अवॉर्ड समारोह में हर्षा भोगले से बात करने के दौरान वैभव सूर्यवंशी इस बात को लेकर निश्चित थे कि वह क्रिस गेल के 175 रन के उस रिकॉर्ड को तोड़ना चाहते हैं जो उन्होंने 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खेलते हुए पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ बनाया था। गेल ने 66 गेंदों पर 175 रनों की पारी खेली थी जो कि पुरुष टी20 में अभी तक का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है।

2018 में हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ आरोन फिंच द्वारा बनाए गए 172 रन इस सूची में दूसरे स्थान पर है। सूर्यवंशी ने खुद भी 2025 के अंतिम दिनों में एशिया कप राइज़िंग स्टार्स टूर्नामेंट में यूएई के ख़िलाफ़ खेलते हुए इंडिया ए के लिए 144 का अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया थे। जो कि उनके द्वारा खेली गई अब तक 18 टी20 पारियों में तीसरा शतक था।

आईपीएल के इतिहास में उनके नाम दूसरा सबसे तेज शतक भी है, जो उन्होंने आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स (RR) के लिए खेलते हुए गुजरात टाइटंस (GT) के खिलाफ 35 गेंदों में जड़ा था। यह दूसरा सबसे तेज शतक है क्योंकि गेल ने अपनी 175 रनों की पारी में शतक मात्र 30 गेंदों पर जड़ दिया था। सूर्यवंशी अभी 15 वर्ष के भी नहीं हुए हैं लेकिन अपने अब तक के छोटे से करियर में ही उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है और वह IPL 2026 से पहले आरआर द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों में से भी एक थे।

अवॉर्ड समारोह के दौरान उन्होंने जियो हॉटस्टार से बात करते हुए कहा, 'IPL 2026 के लिए सबसे बड़ा लक्ष्य तो टीम के लिए ट्रॉफी जीतना है क्योंकि यह सबसे जरूरी चीज है। क्योंकि अगर टीम ट्रॉफी जीतती है तो इसका मतलब होगा कि मैंने अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम को इसका फायदा मिलेगा। तो यही लक्ष्य है, अपनी टीम को जीत दिलाने में अपना योगदान देना और ट्रॉफी जीतना।'



# हंसिका मोटवानी

## की पर्सनल लाइफ के ड्रामे से एक्स भाभी परेशान, विवादों से झाड़ा पल्ला, बोलीं- 'फेक दुनिया' से मत जोड़ो

साउथ और बॉलीवुड की चर्चित एक्ट्रेस इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं. उनकी शादी, रिश्तों और परिवार से जुड़े विवादों की खबरें अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं. इसी बीच अब उनकी एक्स भाभी मुस्कान नैंसी जेम्स ने मीडिया और सोशल मीडिया यूजर्स से एक खास अपील की है, जिसने इस पूरे मामले को फिर से चर्चा में ला दिया है.

हंसिका मोटवानी ने शादी के 3 साल बाद अपने पति सोहेल कथुरिया से अलग होने का फैसला किया है. एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ लोगों के बीच चर्चा बटोर रही है. इसी बीच उनकी एक्स भाभी मुस्कान नैंसी जेम्स ने साफ तौर पर कहा है कि उनका नाम बार-बार हंसिका से जोड़कर खबरों में लाया जा रहा है, जबकि वो इस पूरे विवाद से दूरी बनाए रखना चाहती हैं. उन्होंने मीडिया से रिक्वेस्ट की है कि उन्हें इस मामले में घसीटना बंद किया जाए और उनकी निजी जिंदगी का सम्मान किया जाए.



**शादी के बाद हो गई थीं अलग**

मुस्कान नैंसी जेम्स टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस रह चुकी हैं और कई पॉपुलर शो में भी नजर आ चुकी हैं. उनका रिश्ता हंसिका मोटवानी के परिवार से तब जुड़ा जब उन्होंने हंसिका के भाई प्रशांत मोटवानी से शादी की थी. हालांकि, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चल पाया और दोनों के बीच मतभेद बढ़ने लगे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी के कुछ समय बाद ही दोनों अलग रहने लगे और बाद में उनके रिश्ते में गंभीर विवाद सामने आए.

**शिकायत भी दर्ज करवाई थी**

इन विवादों के बीच मुस्कान ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत भी दर्ज करवाई थी. उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके वैवाहिक जीवन में लगातार दखल दिया गया और उन्हें मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा. इस शिकायत में हंसिका और उनकी मां का नाम भी सामने आया था, जिसके बाद यह मामला काफी सुर्खियों में रहा. हालांकि, अब मुस्कान का कहना है कि वह इस पूरे मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहतीं और अपनी जिंदगी पर फोकस करना चाहती हैं.

**पोस्ट शेयर कर की रिक्वेस्ट**

उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए ये भी कहा कि मीडिया में जो खबरें चल रही हैं, उनमें कई बातें बढ़ा-चढ़ाकर पेश की जा रही हैं. उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, मैं कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से रिक्वेस्ट करना चाहती हूं कि मुझे किसी और की जिंदगी से जोड़कर खबरें न बनाएं. आप लोगों ने हमेशा मेरा साथ दिया है और समझदारी दिखाई है, इसके लिए मैं दिल से शुक्रिया करती हूं.

# अक्षय कुमार

## के 'भूत बंगला' टीजर ने 'धुरंधर 2' की बखिया उधेड़ दी!



19 मार्च को रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' आ रही है, जिसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. पर 18 मार्च यानी रिलीज से एक दिन पहले ही फैन्स फिल्म देख सकते हैं. पेड प्रीव्यू के लिए एडवांस बुकिंग जारी है. रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ने आ रही है. जिसके टीजर और ट्रेलर को भी लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था. लेकिन 10 अप्रैल का दिन भी सिनेमा प्रेमियों के लिए जबरदस्त साबित होगा. क्योंकि अक्षय कुमार उसी अंदाज में दिखने वाले हैं, जैसे लोग उन्हें देखना चाहते थे. जी हां, प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' से इस साल की शुरुआत करने वाले हैं. फिल्म का हाल ही में टीजर आया, जिसने लोगों को खुश कर दिया. हर किसी का कहना था कि- यह पूरी तरह से 'भूल भुलैया' है. दरअसल दोनों फिल्मों में स्टार्स के अलावा काफी कुछ मिलता-जुलता है. पर ऐसा क्यों कहा जा रहा है कि अक्षय ने 'धुरंधर 2' को पीछे छोड़ दिया है?




हाल ही में जानकारी मिली थी कि 'धुरंधर 2' के प्रोड्यूसर जियो स्टूडियोज वालों ने एग्जीबिटर्स से बड़ी डिमांड की है. वो चाहते हैं कि अगले 6 हफ्ते के लिए सिंगल स्क्रीन पर उन्हें सारे के सारे शोज मिल जाए. साथ ही यह शो नॉन शेयर होंगे. ऐसे में अक्षय कुमार की फिल्म 10 अप्रैल को आ रही है. जिसका नुकसान उन्हें हो सकता है. फिलहाल मामला सुलझाया गया या नहीं, यह अबतक पता नहीं लगा. पर 'धुरंधर 2' ने काम बिगाड़ने की पूरी तैयारी कर रखी है. इसी बीच अक्षय कुमार बड़ी जंग जीते हैं.

**अक्षय ने 'धुरंधर 2' को कैसे दी मात ?**

'धुरंधर 2' के टीजर और ट्रेलर के अलावा अबतक एक गाना भी रिलीज कर दिया गया है. जिसमें-,ऋ्छ,ऋ्छ शामिल है. हालांकि, फिल्म का आज से ठीक 1 महीने पहले टीजर आया था. जिसे हिंदी में टोटल 18 मिलियन व्यूज ही मिले थे, जो कि 1.8 करोड़ होता है. साथ ही 21 हजार लोगों ने वीडियो पर कमेंट किए थे. साथ ही टीजर को 4.9 लाख लोगों ने लाइक किया था. उस टीजर में कुछ नया नहीं था, जिसके चलते फैन्स खास खुश नहीं हुए थे. अब हाल ही में 'भूत बंगला' का टीजर आ गया. जो खबर लिखे जाने तक यूट्यूब पर दूसरे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है. हालांकि, यह ट्रेंड चार्ट लगातार बदलता रहता है. खास बात यह है कि महज 1 दिन में यह वीडियो 23 मिलियन पार हो चुका है. यानी कि 2.3 करोड़ लोगों ने वीडियो देखा है.

## अमर सिंह चमकीला की सक्सेस के बाद इम्तियाज अली-दिलजीत दोसांझ की वापसी, कैसा है मैं वापस आऊंगा का टीजर?




इम्तियाज अली की फिल्मों का अलग ही आनंद देखने को मिलता है. उनकी फिल्मों का इंतजार दर्शक बेसब्री से करते हैं. अब उनकी फिल्म मैं वापस आऊंगा सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. फिल्म को लेकर फैंस के बीच उत्सुकता नजर आ रही है. इसके पहले जब दोनों अमर सिंह चमकीला के जरिए साथ आए तो भी फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला. अब दोनों की साथ में आ रही नई फिल्म का टीजर भी जारी कर दिया गया है.

छोटा सा टीजर भले ही फिल्म को लेकर कोई खास जानकारी साझा नहीं कर रहा है लेकिन इस टीजर ने फैंस को इमोशनल जरूर कर दिया है. फिल्म में दिलजीत दोसांझ और शरवरी वाघ की खूबसूरत बॉन्डिंग देखने को मिल रही है. आइए जानते हैं कि फैंस इस टीजर पर क्या रिएक्ट कर रहे हैं.

**खास रोल में हैं नसीरुद्दीन शाह**

इम्तियाज अली भारतीय सिनेमा में यूनिक किस्म की लव स्टोरी लेकर आते रहे हैं. अब वे मैं वापास आऊंगा में प्यार, बिछड़ने और यादों की ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं जो दर्शकों के दिलों को छूने वाली है. इसके टीजर से ही इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है.

फिल्म के टीजर में दिलजीत, शरवरी और नसीरुद्दीन शाह के किरदारों की झल्कियां नजर आई हैं. इसकी खास बात ये है कि इसमें नसीरुद्दीन शाह ने एक सिख शख्स का रोल प्ले किया है. इसके अलावा फिल्म में वैदांग रैना भी नजर आएंगे. साथ ही फिल्म का ये टीजर म्यूजिकल है जिसमें ए आर रहमान और इरशाद कामिल की जुगलबंदी की तारीफ की जा रही है.

**टीजर पर कैसा है लोगों का रिएक्शन ?**

टीजर पर रिएक्ट करते हुए एक शख्स ने लिखा- रणबीर के बाद इम्तियाज का नया फेवरेट दिलजीत दोसांझ है. एक दूसरे शख्स ने लिखा- इम्तियाज तो इम्तियाज ही हैं. रहमान तो रहमान ही हैं. इरशाद तो इरशाद ही हैं.

एक और पोएटिक फिल्म देने के लिए इम्तियाज अली का शुक्रिया. वहीं एक दूसरे शख्स ने लिखा- मुझे ये देखकर अच्छा लग रहा है कि लोग एक बार फिर से इम्तियाज अली का समर्थन कर रहे हैं. फिलहाल अभी इस फिल्म की रिलीज में समय है. इसे थियेटर्स में 12 जून 2026 को रिलीज कर दिया जाएगा.

## 'टिटरी' विवाद में बादशाह को मिला सैंटी शर्मा का साथ, बोले- बिना समझे जज कर रहे लोग




बॉलीवुड और म्यूजिक इंडस्ट्री में इन दिनों मशहूर रैपर बादशाह अपने नए हरियाणवी गाने 'टिटरी' को लेकर जबरदस्त विवादों में घिरे हुए हैं. गाने के बोल और वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार बहस छिड़ी हुई है. कई लोगों ने इस गाने के कुछ शब्दों और विजुअल्स को आपत्तिजनक बताते हुए कड़ी आलोचना की है. हालांकि, इस विवाद के बीच अब रैपर सैंटी शर्मा खुलकर बादशाह के सपोर्ट में सामने आए हैं और उनका कहना है कि लोगों ने पूरे मतलब को समझे बिना ही सिंगर को जज करना शुरू कर दिया है.

1 मार्च को रिलीज हुए 'टिटरी' गाने के बाद से ही सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई. कुछ संगठनों और दर्शकों का आरोप है कि गाने के बोल महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक हैं और इसमें डबल मीनिंग शब्दों का इस्तेमाल किया गया है. इसी वजह से मामला इतना बढ़ गया कि हरियाणा में शिकायतें दर्ज हुईं और पुलिस ने भी इस मामले की जांच शुरू कर दी. बढ़ते विवाद को देखते हुए बादशाह को पब्लिकली तौर पर माफी भी मांगनी पड़ी और गाने को कई प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया.

**सैंटी शर्मा ने पोस्ट किया शेयर**

इसी बीच रैपर सैंटी शर्मा ने इस पूरे विवाद पर अपना रिएक्शन देते हुए बादशाह का बचाव किया है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट शेयर किया है, जिसमें कहा है कि भारत में अभी भी हिप-हॉप और रैप म्यूजिक की संस्कृति को ठीक से समझा नहीं गया है. उन्होंने कहा कि रैप में कई बार कलाकार कॉम्पिटिशन और क्रिएटिव एक्सप्रेशन के लिए अलग-अलग शब्दों और संदर्भों का इस्तेमाल करते हैं, जिसे लोग अक्सर गलत तरीके से ले लेते हैं. सैंटी ने कहा, किसी भी गाने को लेकर फैसला देने से पहले उसके संदर्भ और म्यूजिक जॉनर को समझना जरूरी है.

**'बादशाह को गलत आंका जा रहा है'**

सिंगर ने ये भी बताया कि कभी-कभी गाने का ऑडियो उसके वीडियो से पहले तैयार हो जाता है और उसी वीडियो टीम बिल्कुल अलग होती है. अगर सौंग कोई लिरिकल गलत है तो उसके लिरिक्स अपडेट या चेंज करवा देना चाहिए पर जिस प्रकार से बिना पूरा मामला समझे बादशाह को जज किया जा रहा है वो गलत है. अगर किसी को मेरी बात बुरी लगी हो तो उसके लिए दिल से सॉरी पर सच यही है. 'टिटरी' गाने के कुछ बोलों को लेकर सोशल मीडिया पर भारी विरोध देखने को मिला और कई यूजर्स ने इसे महिलाओं के प्रति अपमानजनक बताया.

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान युद्ध : स्विट्जरलैंड ने अमेरिका को दिखाया 'नो-फ्लाई' ज़ोन, हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल पर लगाई रोक

**बर्न , एजेंसी।** ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष के बीच, अपनी तटस्थता के लिए प्रसिद्ध देश स्विट्जरलैंड ने अमेरिकी सेना को अपने हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। स्विस सरकार ने अमेरिका द्वारा किए गए दो ओवरफ़्लाइट अनुरोधों को खारिज कर दिया है। स्विस सरकार ने इस कड़े फैसले के पीछे अपने सदियों पुराने 'निष्पक्षता कानून' को आधार बनाया है। सरकार द्वारा जारी आधिकारिक बयान में कहा गया: 'स्विस कानून संघर्ष में शामिल पक्षों को ऐसी किसी भी उड़ान की अनुमति देने से रोकता है, जो सैन्य उद्देश्यों की पूर्ति करती हो या सीधे तौर पर युद्ध से जुड़ी हो।' हालांकि स्विट्जरलैंड ने पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया है, लेकिन उसने उड़ानों को श्रेणियों में बांट दिया है: तीन विशेष उड़ानों को अनुमति दी गई है, जिनमें से एक तकनीकी रखरखाव और दो सामान्य परिवहन से संबंधित थीं। यह कदम दर्शाता है कि मध्य-पूर्व के इस युद्ध में वैश्विक स्तर पर कूटनीतिक समीकरण बदल रहे हैं और यूरोपीय देश सीधे तौर पर सैन्य भागीदारी से बच रहे हैं।

### नेपाल में भीषण सड़क हादसा, मंदिर से लौट रहे सात भारतीय श्रद्धालुओं की मौत

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के गोरखा जिले में शनिवार शाम एक सड़क हादसे में कम से कम सात भारतीय श्रद्धालुओं की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब श्रद्धालु मनकामना मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार श्रद्धालुओं को ले जा रही एक इलेक्ट्रिक माइक्रोबस साहिद लखन ग्रामीण नगरपालिका के कंतार क्षेत्र में सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। गोरखा जिला पुलिस कार्यालय के उप पुलिस अधीक्षक राज कुमार श्रेष्ठ ने बताया कि हादसे में सात अन्य श्रद्धालु घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए चितवन मेडिकल कॉलेज, भरतपुर (चितवन जिला) भेजा गया है। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान अभी जारी है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार माइक्रोबस में एक दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। गोरखा के मुख्य जिला अधिकारी तुलसी बहादुर श्रेष्ठ ने बताया कि माइक्रोबस मनकामना मंदिर से पश्चिम की ओर तनहूं जिले के अनबुखैरेनी क्षेत्र की ओर जा रही थी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मंदिर दर्शन के बाद यात्री किस स्थान की ओर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन श्रद्धालुओं को ले जा रही इलेक्ट्रिक माइक्रोबस पहाड़ी सड़क के एक मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे पहले अगस्त 2024 में भी अनबुखैरेनी क्षेत्र में भारतीय श्रद्धालुओं से भरी एक बस हादसे का शिकार हो गई थी, जिसमें कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई थी। नेपाल में हाल के वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में वृद्धि देखी गई है। नेपाल ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक एक दशक पहले देश में 4,999 सड़क हादसे दर्ज किए गए थे, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 7,669 हो गई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सड़क हादसों का सबसे ज्यादा असर कमजोर वर्गों पर पड़ता है। नेपाल में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों में 70 प्रतिशत से अधिक लोग पैदल यात्री, साइकिल चालक और मोटरसाइकिल सवार जैसे संवेदनशील सड़क उपयोगकर्ता होते हैं।

### इटली और स्पेन में युद्ध विरोधी प्रदर्शन

**रोम , एजेंसी।** इटली की राजधानी रोम में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने पश्चिम एशिया में चल रहे युद्धों और इटली की सरकार द्वारा प्रस्तावित न्यायिक सुधारों के खिलाफ आवाज उठाई। 22-23 मार्च को होने वाला जनमत संग्रह इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार के लिए एक अहम राजनीतिक परीक्षा बन गया है। अगले वर्ष होने वाले चुनावों से पहले न्यायिक सुधारों को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच टकराव तेज हो गया है। रोम के केंद्रीय इलाके में प्रदर्शनकारियों ने ट्रेड यूनियनों के लाल झंडे और फिलिस्तीन व क्यूबा के झंडे लहराते हुए मेलोनी सरकार इस्तीफा दो जैसे नारे लगाए। हालांकि रैली शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुई।

### मोजाम्बिक से सैनिक वापस बुला सकता है रवांडा

**मापुटो , एजेंसी।** रवांडा ने चेतावनी दी है कि अगर आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए स्थायी वित्तीय सहायता सुनिश्चित नहीं की गई तो वह मोजाम्बिक से अपने सैनिक वापस बुला सकता है। रवांडा के विदेश मंत्री ओलिवियर नदुहंगिरेहे ने सोशल मीडिया पर कहा कि मोजाम्बिक में तैनात रवांडा के सैनिकों की लगातार आलोचना की जा रही है, जबकि उन्हीं देशों को इस अभियान से फायदा मिल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि पर्याप्त फंडिंग नहीं मिली तो सैनिकों की वापसी तय है। रवांडा की सेना मोजाम्बिक के उत्तरी प्रांत काबो डेलगाडो में 2017 से सक्रिय इस्लामिक स्टेट से जुड़े उग्रवादियों के खिलाफ अभियान में मदद कर रही है। यह क्षेत्र 2021 में तब चर्चा में आया था जब विद्रोहियों ने तटीय शहर पाल्मा पर हमला कर कई लोगों की हत्या कर दी थी।

# उत्तर कोरिया: किम जोंग उन ने बेटी के साथ देखा रॉकेट लॉन्चर का परीक्षण, अमेरिका-दक्षिण कोरिया को दी चेतावनी



**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ मिलकर रॉकेट लॉन्च सिस्टम का परीक्षण देखा। सरकारी मीडिया ने रविवार को इस बात की जानकारी दी। यह परीक्षण अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच चल रहे सैन्य अभ्यास के जवाब में किया गया है। उत्तर कोरिया इस सैन्य अभ्यास को अपने देश पर हमले की तैयारी मानता है।

**किम जोंग उन ने अभ्यास लिया जायजा :** सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, किम जोंग उन ने शनिवार को उत्तर कोरिया के पूर्वी तट पर इस अभ्यास का जायजा लिया। इस ड्रिल में 600 मिलीमीटर के अल्ट्रा-प्रिसिजन रॉकेट लॉन्चर शामिल थे। दूसरी ओर, दक्षिण कोरिया की सेना ने बताया कि उन्होंने उत्तर कोरिया की राजधानी के पास से पूर्वी समुद्र की ओर करीब 10 बैलिस्टिक मिसाइलें गिरती हुई देखीं। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने इसे उकसाने वाली कार्रवाई बताया है। उन्होंने कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उन नियमों का उल्लंघन है, जो उत्तर कोरिया की बैलिस्टिक गतिविधियों पर रोक लगाते हैं।

**अभ्यास से दुश्मनों पैदा होगा डर :** किम जोंग उन ने कहा कि इस अभ्यास से दुश्मनों के मन में डर पैदा होगा। उन्होंने बताया कि 420 किलोमीटर के दायरे में आने वाले दुश्मन अब परमाणु हथियारों की विनाशकारी ताकत को अच्छी तरह समझ पाएंगे। उनका इशारा दक्षिण कोरिया और वहां तैनात अमेरिकी सैनिकों की तरफ था। किम ने चेतावनी दी कि अगर इन हथियारों का इस्तेमाल हुआ, तो दुश्मन का सैन्य ढांचा कभी बच नहीं पाएगा। सरकारी मीडिया की तस्वीरों में किम अपनी बेटी किम जू ऐ के साथ नजर आए, जिनकी उम्र करीब 13 साल बताई जाती है। वे दोनों बड़े हरे रंग के लॉन्च ट्रकों के पास घूम रहे थे और हथियारों को चलते हुए देख रहे थे। यह लड़की साल 2022 के अंत से ही मिसाइल परीक्षणों और सैन्य परेडों जैसे बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ दिख रही है। जानकारों का मानना है कि किम जोंग उन उसे अपना उत्तराधिकारी बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

**विशेषज्ञों का क्या है कहना :** विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के ये बड़े रॉकेट लॉन्चर मिसाइलों की तरह ही काम करते हैं। ये खुद की ताकत से चलते हैं और इन्हें रास्ते में नियंत्रित भी किया जा सकता है। उत्तर कोरिया का दावा है कि इनमें से कुछ सिस्टम परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया का 'फ्रीडम शील्ड' अभ्यास 19 मार्च तक चलेगा। उत्तर कोरिया अक्सर ऐसे अभ्यासों के जवाब में हथियार परीक्षण करता है और सख्त बयान देता है।

**किम जोंग उन के साथ बेटी भी थी मौजूद :** उनका इशारा संभवतः दक्षिण कोरिया और दक्षिण कोरिया में तैनात अमेरिकी सैनिकों की ओर था। केसीएनए के अनुसार, किम ने कहा, ''अगर इस हथियार का इस्तेमाल किया जाता है, तो इसकी मारक क्षमता के दायरे में आने वाला प्रतिद्वंद्वी का सैन्य बुनियादी ढांचा किसी भी तरह बच नहीं सकता।'' केसीएनए की तस्वीरों में किम और उनकी बेटी विशाल जैतूनी-हरे रंग के प्रक्षेपण ट्रकों के पास चलते हुए और उनसे दागे जा रहे हथियारों को देखते हुए नजर आ रहे हैं।

ऐसा बताया जाता है कि किम जोंग उन की बेटी किम जू ऐ की आयु लगभग 13 साल है और वह 2022 के अंत से ही सैन्य परेड और हथियार प्रक्षेपण सहित कई प्रमुख कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आती रही हैं। दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने पिछले महीने अनुमान लगाया था कि किम जोंग उन अपनी बेटी को अपना उत्तराधिकारी नामित करने वाले हैं। बता दें कि बीते दिनों किम जोंग उन ने अमेरिका को सीधी धमकी भी दी थी। उसने कहा था कि दक्षिण कोरिया के साथ मिलकर अगर अमेरिका कोई भी कार्रवाई करता है तो जवाब बहुत विनाशक होगा।

# यूएस को पश्चिम एशिया छोड़ देना चाहिए: ईरानी राष्ट्रपति

**तेहरान, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा और शांति के लिए अमेरिका को पश्चिम एशिया से बाहर जाना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी बात रखते हुए लिखा कि अगर इस इलाके को सुरक्षित बनाना है, तो अमेरिका की मौजूदगी यहां नहीं होनी चाहिए।

**ऊर्जा ठिकाने बन रहे निशाना :** पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष अब काफी बड़ा रूप ले चुका है। अमेरिका, इस्राइल और ईरान एक-दूसरे के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। इसकी वजह से पूरी दुनिया में तेल और गैस की सप्लाई पर संकट पैदा हो गया है। शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा बंदरगाह पर ड्रोन से हमला हुआ, जिससे वहां आग लग गई। खाड़ी मामलों के एक जानकार ने बताया कि यूएई की रक्षा प्रणाली ने ड्रोन को बीच में ही रोक दिया था। ड्रोन के मलबे के गिरने से आग लगी, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है। जानकारों का कहना है कि यह घटना बताती है कि क्षेत्र में तनाव को रोकना अब बहुत जरूरी है। यूएई को उसकी कमजोरी की वजह से नहीं, बल्कि व्यापार, कूटनीति और पैसे के लेनदेन में उसकी बड़ी भूमिका की वजह से बार-बार निशाना बनाया जा रहा है।

**आईआरजीसी ने दी चेतावनी :** प्रेस टीवी के अनुसार,



ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) ने कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के बैंकिंग ढांचे पर हमले जारी रखे, तो खाड़ी देशों में चल रही अमेरिकी बैंकों की शाखाओं पर हमले और तेज हो सकते हैं। ईरानी अधिकारी नायनी ने बताया कि पड़ोसी देशों में अमेरिकी बैंकों पर हालिया हमले दरअसल ईरान की संपत्तियों पर हुए हमलों का जवाब थे। इन हमलों की वजह से कुछ समय के लिए बैंकिंग कामकाज में रुकावट भी आई। समुद्री रास्तों पर भी खतरा काफी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दो हफ्तों में फारस की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी में कम से कम 17 जहाजों पर हमले हुए हैं। इन हमलों में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। ओमान में भारतीय दूतावास ने इस दुखद खबर की पुष्टि की है।

यह पूरा विवाद 28 फरवरी को शुरू हुआ था। तब अमेरिका और इस्राइल के हवाई हमलों में ईरान के कई बड़े अधिकारी और कमांडर मारे गए थे। इसके बाद से ईरान की सेना हर दिन इस्राइली इलाकों और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले कर रही है।

# ईरान युद्ध के बीच फर्जी एआई वीडियो से प्रोपेगैंडा फैलाने का आरोप, यूएई में 10 गिरफ्तार

**दुबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। यूएई में ईरान युद्ध को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक और फर्जी वीडियो प्रसारित करने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किए गए हैं। इसके साथ ही इन लोगों के खिलाफ त्वरित सुनवाई के आदेश दिए हैं।

सरकारी समाचार एजेंसी वाम के अनुसार यूएई के अटॉर्नी जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्सी ने कहा कि सोशल मीडिया की निगरानी के दौरान ऐसे वीडियो सामने आए, जिनमें लोगों को गुमराह करने वाली सामग्री साझा की गई। आरोपियों की राष्ट्रीयता का खुलासा नहीं किया गया है।

जांच में पाया गया कि कुछ वीडियो में वास्तविक फुटेज का इस्तेमाल करते हुए उन्हें गलत संदर्भ में पेश किया गया। वहीं, कई क्लिप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से तैयार किए गए थे। इनमें विस्फोट, प्रमुख इमारतों पर हमले या यूएई के अलग-अलग इलाकों में बड़े पैमाने पर आग लगने जैसे दृश्य दिखाए गए थे। अटॉर्नी जनरल के अनुसार, कुछ वीडियो में बच्चों की भावनाओं का इस्तेमाल करते हुए सुरक्षा खतरे का झूठा संकेत दिया गया। वहीं, अन्य क्लिप में विदेशी घटनाओं को यूएई से जोड़कर दिखाया गया। उनका कहना है कि ऐसे प्रयासों का उद्देश्य लोगों को भ्रमित करना और डर का माहौल पैदा करना था।

अभियोजन पक्ष ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है और उन्हें हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इस तरह के अपराधों के लिए कम से कम एक वर्ष की जेल और 1 लाख दिरहम से कम नहीं जुर्माने का प्रावधान है। अटॉर्नी जनरल ने साफ चेतावनी दी है कि साइबर स्पेस या नई तकनीक का गलत इस्तेमाल बर्दाश्त नहीं होगा। देश की सुरक्षा और शांति से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे रक्षा प्रणालियों से जुड़े वीडियो या ऐसी कोई भी जानकारी शेयर न करें जिससे समाज में डर पैदा हो।

# होर्मुज जलडमरूमध्य सिर्फ हमारे दुश्मनों के जहाजों के लिए बंद', ईरान के विदेश मंत्री का बड़ा बयान



**तेहरान , एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला है और यह रणनीतिक मार्ग सिर्फ अमेरिका और इस्राइल के जहाजों के लिए बंद है। ईरानी विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की प्रमुख शक्तियों से होर्मुज जलडमरूमध्य में अपने नौसैनिक जहाज तैनात करने की अपील की है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका किसी भी हाल में इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को खुला रखेगा।

क्या बोले ईरानी विदेश मंत्री

अराघची ने एक बातचीत के दौरान कहा, 'होर्मुज जलडमरू खुला है। यह केवल हमारे दुश्मनों, अमेरिका और उसके सहयोगियों के टैंकरों और जहाजों के लिए बंद है। बाकी सभी के लिए आवागमन पर कोई रोक नहीं है।' होर्मुज में ईरानी नाकेबंदी को लेकर किए गए सवाल पर अराघची ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं के चलते ये नाकेबंदी की गई है। रूस और चीन को लेकर अराघची ने कहा, 'रूस और चीन हमारे रणनीतिक साझेदार हैं। अतीत में हमारा घनिष्ठ सहयोग रहा है, जो अभी भी जारी है। इसमें सैन्य सहयोग भी शामिल है।'

**'होर्मुज स्ट्रेट खुला है, पर नियंत्रण हमारे पास है' आईआरजीएस कमांडर :** ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया है कि दुनिया में तेल ले जाने का एक बहुत महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता होर्मुज स्ट्रेट अभी भी खुला है और उस पर ईरान का नियंत्रण बना हुआ है।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसीरी ने एक बयान में कहा कि अमेरिका द्वारा किए जा रहे दावे सही नहीं हैं। अमेरिका कह रहा है कि उसने ईरान की नौसेना को नष्ट कर दिया है और तेल के जहाजों को सुरक्षित रास्ता दे सकता है, लेकिन ये बातें गलत हैं। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने ईरान की तस्नीम समाचार एजेंसी के हवाले से यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया कि होर्मुज स्ट्रेट को सैन्य रूप से बंद नहीं किया गया है, बल्कि यह सिर्फ ईरान के नियंत्रण में है। होर्मुज स्ट्रेट एक बहुत महत्वपूर्ण रणनीतिक समुद्री मार्ग है। दुनिया का लगभग पांचवां हिस्सा तेल इसी रास्ते से होकर गुजरता है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने अपने पहले संदेश में कहा है कि ईरान इस स्ट्रेट पर अपना प्रभाव बनाए रखेगा। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को उन देशों से अपील की है जो इस रास्ते से तेल मंगाते हैं। उन्होंने कहा कि इन देशों को इस समुद्री मार्ग को खुला रखने की जिम्मेदारी उठानी चाहिए और अमेरिका उनकी मदद करेगा।

# इस्राइल के साथ जंग रोकने को तैयार हुआ लेबनान, शांति वार्ता के लिए रख दी ये शर्त

**लेबनान , एजेंसी।** लेबनान ने संकेत दिया है कि वह इस्राइल के साथ सीधे शांति वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए पहले युद्धविराम लागू होना जरूरी है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यह पहल ऐसे समय सामने आई है जब इस्राइल लेबनान में 2006 के युद्ध के बाद सबसे बड़े जमीनी अभियान की चेतावनी दे रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने करीबी सलाहकार रॉन डर्मर को लेबनान से जुड़े कूटनीतिक प्रयासों का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी है। वहीं अमेरिकी पक्ष से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर के वार्ता में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बातचीत आने वाले दिनों में शुरू हो सकती है और इसके लिए पेरिस या साइप्रस संभावित स्थान हो सकते हैं।

**फ्रांस का शांति प्रस्ताव भी चर्चा में :** इस बीच फ्रांस की ओर से एक शांति प्रस्ताव की चर्चा भी सामने आई है, जिसमें युद्ध खत्म करने के लिए हिजबुल्ला के निरस्त्रीकरण और लेबनान द्वारा इस्राइल को मान्यता देने की शर्तों का उल्लेख किया गया था। हालांकि फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने ऐसे किसी प्रस्ताव से इनकार किया है। लेबनान के संसदीय अध्यक्ष और अमल मूवमेंट के नेता नबीह बेरी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी वार्ता से पहले युद्धविराम लागू होना आवश्यक है। उधर पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव भी लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि अमेरिकी बल ईरानी सैन्य क्षमताओं के खिलाफ अभियान जारी रखे हुए हैं।

**दक्षिणी लेबनान में इस्राइल के हमले जारी :** इसी दौरान प्रेस टीवी की रिपोर्ट में दावा किया गया कि एक इराकी प्रतिरोधी समूह ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले का वीडियो जारी किया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि इराक में एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हमले के बाद आग लग गई। ईरान की सशस्त्र सेनाओं ने भी दावा किया है कि उन्होंने चार और ड्रोन मार गिराए हैं, जिसके बाद अब तक गिराए गए ड्रोन की संख्या 118 हो गई है। दक्षिणी लेबनान में भी झड़पें जारी हैं। अल जजीरा के अनुसार, इस्राइली हवाई हमलों और तोपखाने की गोलाबारी ने कई कस्बों को निशाना बनाया। मेफदून और उसके आसपास के इलाकों के अलावा जवतर, यहमर और अर्नौन जैसे शहरों में भी भारी गोलाबारी की खबर है।

# नेपाल चुनाव में 14 उम्मीदवारों को मिले शून्य वोट, 85% की जमानत जब्त; वोटरों का समर्थन सीमित

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में 5 मार्च को प्रतिनिधि सभा चुनाव नतीजों ने उम्मीदवारों की लोकप्रियता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, देश के 14 उम्मीदवारों को एक भी वोट नसीब नहीं हुआ, जबकि 36 प्रत्याशी केवल एक-एक वोट ही जुटा सके। प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली के तहत चुनावी मैदान में उतरे कुल 3,406 उम्मीदवारों में से 2,885 की जमानत जब्त हो गई है, जो कुल प्रत्याशियों का लगभग 85% है।

नियमतः कुल वैध मतों का 10% न पाने वाले उम्मीदवारों की जमानत राशि जब्त कर ली जाती है। शून्य मत पाने वालों में काठमांडो-1 से नेपाल जनसेवा पार्टी के अर्जुन बहादुर शाही के अलावा बाकी सभी निर्दलीय हैं। धनुषा, धादिङ, ललितपुर और रूपन्देही जैसे जिलों से भी कई उम्मीदवारों का खाता नहीं खुला। जमानत गंवाने वालों में निर्दलीय ही नहीं, प्रमुख दलों के दिग्गज भी शामिल हैं।

एमाले के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर पोखरेल अपनी जमानत नहीं बचा सके। दलों की बात करें तो राप्रपा के 159, नेकपा के 99 और कांग्रेस के 17 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई। लगभग दो तिहाई सीटों के साथ सरकार बनाने की ओर बढ़ रही आरएसपी के भी 14 उम्मीदवारों को 10% से कम वोट मिले। यानी मतदाताओं का समर्थन गिने-चुने सियासी विकल्पों तक सीमित



रखा है।

**चुनाव में 14 महिलाओं की भी जीत :** इस संसदीय चुनाव में 14 महिलाएं संसद के लिए चुनी गई हैं, जो कुल सीटों का करीब आठ प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। इनमें से 13 सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने जीत दर्ज की है, जबकि एक सीट नेपाली कांग्रेस के खाते में गई है। यह आंकड़ा पिछले चुनावों की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। वर्ष 2022 के चुनाव में केवल 9 महिला उम्मीदवार ही जीत पाई थीं, जो कुल सीटों का करीब 5.45 प्रतिशत थीं।

गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रत्यक्ष चुनाव की 165 में से 164 सीटों के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इनमें आरएसपी ने 125 सीटें जीतकर स्पष्ट बढ़त हासिल की है। समानुपातिक प्रणाली के तहत मिलने वाली सीटों के बाद पार्टी की कुल संख्या 183 तक पहुंच जाएगी। 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में यह संख्या दो-तिहाई बहुमत के बराबर है। इसके बाद अब संविधान के तहत नई सरकार के गठन की औपचारिक प्रक्रिया शुरू होगी।

# इजराइल बोला- नेतन्याहू की हत्या का दावा फर्जी : वे बिल्कुल ठीक हैं

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 16वां दिन है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेकर सोशल मीडिया पर कई अफवाहें फैल रही हैं। कुछ पोस्ट में उनकी हत्या या देश छोड़ने का दावा किया गया, लेकिन पीएम ऑफिस ने इन्हें पूरी तरह फर्जी बताया है।

दावा किया गया कि ईरान के हमले में नेतन्याहू की हत्या हो गई या वे जर्मनी भाग गए हैं। पीएम कार्यालय ने बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित हैं और ऐसी खबरें फेक न्यूज हैं। 13 मार्च को नेतन्याहू का एक वीडियो संदेश सामने आया। इसमें उन्होंने कहा कि इजराइल ईरान और हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इसी वीडियो के एक फ्रेम में उनकी दाई हाथ में छह उंगलियां दिखाई देने का दावा किया गया। इसके बाद कुछ यूजर्स ने वीडियो को एआई या डीपफेक बताया था। लोगों का कहना था कि, यह असली नेतन्याहू नहीं हैं।

**ईरान बोला- सुप्रीम लीडर मुजतबा पूरी तरह ठीक :** ईरान ने कहा है कि देश के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई पूरी तरह ठीक हैं और उन्हें कोई चोट नहीं लगी है। इससे पहले ब्रिटिश मीडिया द सन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि मुजतबा 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल हो गए थे। इसके बाद से वे कोमा में हैं और उनका एक पैर भी काटना पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने भी कहा था कि मुजतबा घायल हो गए हैं। हालांकि अराघची ने इन दावों को खारिज कर दिया है।

**क्या वीडियो एआई से बना था :** अफवाहों की शुरुआत 13 मार्च को नेतन्याहू के एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो से हुई। इस वीडियो में नेतन्याहू मंच पर खड़े होकर भाषण दे रहे थे। सोशल



मीडिया यूजर्स ने वीडियो के एक खास फ्रेम को जूम करके दावा किया कि प्रधानमंत्री के दाहिने हाथ में छह उंगलियां दिखाई दे रही हैं। लोगों ने इसे क्लासिक एआई ग्लिच बताते हुए कहा कि यह वीडियो असली नहीं बल्कि 'डीपफेक' है। यूजर्स का कहना था कि चूंकि प्रधानमंत्री पिछले कुछ दिनों से सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिए हैं, इसलिए सरकार उनकी मौत छिपाने के लिए पुराने वीडियो या एआई का सहारा ले रही है। फैक्ट-चेकर्स और तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार, छह उंगलियों का दिखना अक्सर कैमरे के एंगल, हाथों की तेज गति और लाइटिंग के कारण होने वाला एक ऑप्टिकल इल्यूजन होता है। पॉलिटिफैक्ट और ग्रोक ने भी पुष्टि की है कि वीडियो में हाथ की बनावट सामान्य है और जिसे छठी उंगली कहा जा रहा है, वह हथेली का ही एक हिस्सा है जो खास एंगल की वजह से उंगली जैसा प्रतीत हो रहा है।

**आखिरी बार कब दिखे नेतन्याहू :** प्रधानमंत्री नेतन्याहू को आखिरी बार 12 और 13 मार्च को वीडियो संबोधनों के माध्यम से देखा गया था। अपने संबोधन में उन्होंने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई को चेतावनी देते हुए कहा था कि इजरायल ईरान और हिजबुल्लाह को कुचल रहा है। गौरतलब है कि यह तनाव 28 फरवरी को ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की एक हवाई हमले में हुई मौत के बाद चरम पर है। इसी युद्ध के माहौल का फायदा उठाकर कई स्रोतों ने नेतन्याहू की हत्या की झूठी खबरें फैलाना शुरू कर दिया था। बेंजामिन नेतन्याहू जीवित हैं और अपने पद पर सक्रिय हैं। 'छह उंगलियों' वाला विवाद महज एक तकनीकी भ्रम साबित हुआ है। युद्ध के इस दौर में भ्रामक सूचनाएं और डीपफेक वीडियो एक बड़े हथियार के रूप में उभर रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com